

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 193 | ग्वालियर सोमवार 20 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8



राम मंदिर निर्माण की तारीख तय

## अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन 5 अगस्त को



**लखनऊ।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन 5 अगस्त को होगा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शनिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय को 3 और 5 अगस्?त की तारीख भेजी थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएमओ ने 5 अगस्त को चुना है। खबर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस भूमि पूजन में शामिल हो सकते हैं। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की शनिवार को बैठक हुई थी। इसमें राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र समेत 12 सदस्य शामिल हुए थे, जबकि तीन सदस्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मौजूद थे। दरअसल, ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास प्रधानमंत्री को अयोध्या आने का निमंत्रण पत्र पहले भेज चुके हैं। अयोध?या में 161 फीट ऊंचा राम मंदिर बनाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी 5 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 3ः10 बजे तक अयोध्या में रहेंगे। भूमिपूजन से जुड़े कार्यक्रम सुबह 8 बजे शुरू होंगे। भूमि पूजन काशी के पुजारी कराएंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मंदिर की आधारशिला रखेंगे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी चंपत राय ने शनिवार को बताया था कि मानसून के बाद जब परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी तो मंदिर निर्माण में आर्थिक सहायता के लिए देश के 10 करोड़ परिवारों से संपर्क किया जाएगा। फंड कलेक्ट होने के बाद और मंदिर निर्माण से जुड़ी सभी ड्रॉइंग पूरी होने के बाद हमें लगता है कि तीन से साढ़े तीन साल में मंदिर निर्माण पूरा हो जाएगा। चंपत राय ने कहा कि जहां मंदिर बनना है, उस स्थान पर मलबे को धीरे-धीरे हटाकर समतल बनाया गया है ताकि काम करने वाले को आसानी हो सके, जो अवषेश जमीन से प्राप्त हुए हैं, उसे सभी ने देख लिए हैं। 60 मीटर गहराई तक खुदाई कर जमीन का परीक्षण किया जा रहा है। यदि जमीन सही नहीं निकली तो मंदिर को आगे बढ़ाया जा सकता है। चंपत राय ने कहा कि मंदिर का निर्माण करने में दस करोड़ लोगों का सहयोग लिया जाएगा।

## देश में कोरोना के मामले 11 लाख के पार



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना मरीजों का आंकड़ा रविवार को 11 लाख के पार हो गया है। लगातार तीसरी बार है, जब सिर्फ 3 दिन में एक लाख नए संक्रमित मिले हैं। यहां हर 10 लाख की आबादी में 787 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए जा रहे हैं। आबादी के लिहाज से संक्रमण का स्तर भारत में कम है, लेकिन यहां हर 10 लाख की आबादी में टेस्टिंग की दर भी बहुत कम है। सबसे ज्यादा संक्रमित 10 देशों में होने वाली टेस्टिंग की तुलना यदि भारत से की जाए तो मैक्सिको के बाद भारत ही दूसरा देश है, जहां सबसे कम लोगों की जांच हो रही है। इस मामले में इंग्लैंड पहले नंबर पर है, जहां हर 10 लाख की आबादी में 1.93 लाख लोगों की जांच हो रही है। रूस में इतनी ही आबादी में 1.69 लाख और अमेरिका में 1.43 लाख लोगों की जांच हो रही है। भारत में हर 10 लाख की आबादी में 10 हजार लोगों की जांच हो रही है। मैक्सिको में यह संख्या 6,195 है। देश में 30 जनवरी को कोरोना का पहला मामला सामने आया था। इसके 110 दिन बाद यानी 10 मई को यह संख्या बढ़कर एक लाख हुई। फिर संक्रमण की रफ्तार में इतनी तेजी आई कि महज 15 दिनों में ही आंकड़ा 2 लाख के पार हो गया। इसके बाद संक्रमितों की संख्या 2 से बढ़कर 3 लाख होने में महज 10 दिन लगे। 3 से 4 लाख मामले होने में 8 दिन और 4 से 5 लाख मामले होने में केवल 6 दिन लगे। केस बढ़ने की यह रफ्तार लगातार तेज हो रही है। 5 से 6 लाख और 6 से 7 लाख मामले होने में केवल 5-5 दिन लगे। इस बार 7 से 8 लाख मामले होने में केवल 4 दिन लगे। इसके बाद हर तीन दिन में एक लाख नए केस बढ़े और महज 9 दिनों में संक्रमितों की संख्या 8 लाख से 11 लाख तक पहुंच गई। हर दिन अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा भारत में ही संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। यहां हर दो दिन में 70 हजार लोग संक्रमित पाए जाते हैं। देश में अब तक एक करोड़ 34 लाख लोगों की कोरोना टेस्टिंग हो चुकी है। इनमें 8.02त्न लोग संक्रमित मिले हैं। अमेरिका में 4 करोड़ टेस्टिंग हुई है और इनमें 8.05त्न लोग पॉजिटिव पाए गए। सबसे खराब हालत ब्राजील की है। यहां अब तक 49 लाख लोगों की जांच हुई और इनमें 42.25त्न लोग संक्रमित मिले हैं। भारत दुनिया का 8वां देश है, जहां संक्रमण के चलते सबसे ज्यादा जानें गई हैं। यहां हर 10 लाख लोगों में 19 मरीजों की मौत हो रही है। देश में अब तक 27 हजार से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा मौतें अभी तक अमेरिका में हुई हैं। यहां 1.42 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। यहां हर 10 लाख की आबादी में 432 मौतें हो रहीं हैं।

### घट रही कोरोना मरीजों की मृत्यु दर, पांच राज्यों में शून्य है आंकड़ा

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि भारत में कोविड-19 के मामलों में मृत्यु दर क्रमशःघट रही है। इसका मुख्य कारण अस्पतालों में भर्ती मरीजों के बेहतर क्लीनिकल प्रबंधन को जाता है। मंत्रालय ने कहा कि भारत, दुनिया में कोविड-19 के मरीजों की सबसे कम मृत्यु दर वाले देशों में एक है। मंत्रालय ने कहा कि 29 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश हैं, जहां मामला मृत्यु दर (सीएफआर) देश के औसत से कम है। पांच राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में सीएफआर शून्य है और 14 में मृत्यु दर एक प्रतिशत से कम है। मंत्रालय ने कहा कि अस्पतालों में भर्ती मरीजों के कारगर क्लीनिकल प्रबंधन पर केंद्र सरकार और राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सजग कोशिशों के कारण भारत का सीएफआर 2.5 प्रतिशत से नीचे आया है। मंत्रालय ने कहा कि मामलों को बढ़ने से रोकने की कारगर नीति, तत्परता से जांच करना और देखभाल की समग्र मानक पर आधारित बेहतरीन क्लीनिकल प्रबंधन प्रोटोकॉल ने सीएफआर में कमी लाई है। मंत्रालय ने कहा, सीएफआर क्रमशः घट रही है, यह 2.49 प्रतिशत है। भारत, दुनिया में कोविड-19 से सबसे कम मृत्यु दर वाले देशों में एक है।एक महीने पहले यह दर 2.82 प्रतिशत थी, जो 10 जुलाई को घट कर 2.72 हो गई तथा इसके बाद यह घट कर वर्तमान में 2.49 प्रतिशत हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्र के दिशानिर्देशों के तहत राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों ने जांच को तेजी से बढ़ाया तथा सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की कोशिशों को एकजुट कर अस्पतालों का बुनियादी ढांचा बढ़ाया। कई राज्यों ने बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और पहले से किसी बीमारी से पीड़ित लोगों का पता लगाने के लिये आबादी का सर्वेक्षण किया। मणिपुर, नगालैंड, सिक्किम, मिजोरम, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में सीएफआर शून्य है।

## असम में बाढ़ का कोहराम, हालात बेकाबू



**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर राज्य असम में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात हो गए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में बाढ़ के कारण पैदा हुए हालात से निपटने के लिए रविवार को राज्य को हरसंभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया। इस बाढ़ के कारण इस साल अब तक 81 लोगों की मौत हो चुकी है। मोदी ने असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल से फोन पर बाढ़ संबंधी हालात को लेकर चर्चा की। उन्होंने कोविड-19 संबंधी स्थिति और ऑयल इंडिया के बागजान गैस कुएं में आग बुझाने के जारी प्रयासों की भी जानकारी ली। सोनोवाल ने ट्वीट किया, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह फोन पर बातचीत करके असम में बाढ़, कोविड-19 संबंधी हालात और बागजान तेल कुएं में आग संबंधी स्थिति की जानकारी ली।' उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री ने राज्य के प्रति चिंता एवं लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की और हर संभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया।' मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि सोनोवाल ने लोगों के सामने आ रही समस्याओं से निपटने के लिए राज्य में अब तक उठाए गए कदमों के बारे में मोदी को सूचित किया।

### देसी कोरोना वैक्सीन के सबसे बड़े ट्रायल के लिए दिल्ली एम्स को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली ।** भारत समेत कम से कम सात देशों में वैक्सीन का ह्यूमन ट्रायल किया जा रहा है। वैक्सीन बनाने की रेस में ब्रिटेन, चीन, अमेरिका और रूस सबसे आगे चल रहे हैं। इन देशों में अलग-अलग वैक?सीन का इंसानों पर ट्रायल एडवांस्ड स्टेज में पहुंच चुका है। विकसित देशों ने कई बड़ी फार्मा कंपनीज से बड़े पैमाने पर वैक?सीन बनाने के लिए सौदेबाजी शुरू कर दी है। भारत में तैयार की गई कोरोना वैक्सीन कोवैक्सीन का दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) में ह्यूमन ट्रायल जल्द शुरू होने वाला है। एथिक्स कमिटी से संस?थान को अप्रूवल मिल गया है।

### यूएसआईबीसी आइडियाज समिट को पीएम मोदी 22 जुलाई को करेंगे संबोधित



**नई दिल्ली।** अमेरिका-भारत के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता के चलते अमेरिकी चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स, यूएसआईबीसी (अमेरिका-भारत कारोबार परिषद) 'इंडिया आइडियाज समिट-2020% का आयोजन करने जा रही है। इस शिखर सम्मेलन में दोनों देशों की बातचीत के आधार पर ही अमेरिका और भारत की आगे की साझेदारी तय होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जुलाई को इस शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यूएसआईबीसी ने बताया है कि इस शिखर सम्मेलन में भारत सरकार और अमेरिका की सरकार के वे शीर्ष अधिकारी एक साथ आएंगे, जो कोरोना महामारी के बाद उबरने की रूपरेखा पर काम कर रहे हैं। इस साल पीएम मोदी के अलावा शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वालों में अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ, अमेरिकी चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम डोनोहू, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, वर्जीनिया के सीनेटर मार्क वार्नर और कई अन्य नेता शामिल हैं।

राजस्थान में राजनीतिक संकट

## राज्यपाल से मिले गहलोत



**नई दिल्ली।** राजस्थान में जारी राजनीतिक संकट के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को राज्यपाल कलराज मिश्रा से मुलाकात की। हालांकि, राजभवन की ओर से इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया है, लेकिन राज्य में जिस तरह के हालात हैं उससे अटकलें लगना स्वभाविक ही है। नाम गोपनीय रखने की अपील करते हुए सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि 45 मिनट तक चली बैठक में कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी देने के साथ गहलोत विधानसभा का विशेष सत्र बुलाए जाने की संभावना पर चर्चा करने के लिए गए थे। अधिकारी ने बताया कि बैठक के दौरान गहलोत ने राज्यपाल को राज्य के मौजूदा राजनीतिक हालात के बारे में जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि इस बात की जानकारी नहीं है कि यदि सत्र बुलाया जाता है तो इसका एजेंडा क्या होगा। नियमों के मुताबिक, कैबिनेट के प्रस्ताव के आधार पर राज्यपाल सत्र आयोजित करने की मंजूरी देते हैं। यह बैठक उस दिन हुई है जब भारतीय ट्राइबल पार्टी बीटीपी विधायकों ने कहा कि वे सचिन पायलट के साथ राजनीतिक जंग में अशोक गहलोत का साथ देंगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट 18 अन्य विधायकों के साथ बागावत कर चुके हैं। पायलट गुट के पास तीन निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन है। माना जा रहा है कि ये विधायक गुरुग्राम में कैंप कर रहे हैं।

## बस, कार से टकराकर पलटी, छह यात्रियों की मौत, 31 घायल



**कन्नौज।** बिहार के मधुबनी से कामगारों को लेकर दिल्ली जा रही बस के रविवार सुबह कन्नौज के सौरिख के पास एक कार से टकरा कर पलट जाने से उस पर सवार छह लोगों की मौत हो गई तथा लगभग 31 अन्य घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक बिहार के मधुबनी से एक स्लीपर बस श्रमिकों और कामगारों को लेकर दिल्ली जा रही थी। बस एक्सप्रेस वे से होकर गुजरते समय सौरिख के करीब लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर सामने खड़ी एक कार से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों ही गाड़ियां पलट कर एक्सप्रेस वे से नीचे जा गिरी। बस में करीब 45 यात्री सवार थे। पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि इस हादसे में बस चालक राजेन्द्र (40), बिहार निवासी अशर्फी निषाद (50), लाल बाबू राय (40), लक्ष्मी शाह (42), चंद्रिका राम (55) तथा एक अज्ञात व्यक्ति समेत छह लोगों की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल 13 यात्रियों को सैफई मेडिकल कॉलेज में तथा 18 अन्य को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

## वीरप्पन की बेटी विद्यारानी बनीं तमिलनाडु बीजेपी युवा मोर्चा की उपाध्यक्ष



**चेन्नई ।** किसी समय आतंक का पर्याय और दो राज्य सरकारों के लिए सिर दर्द बन चुके कुख्यात तस्कर वीरप्पन की बेटी विद्यारानी को बीजेपी के तमिलनाडु युवा मोर्चा का उपाध्यक्ष बनाया गया है। विद्यारानी ने इसी साल फरवरी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। उनके बीजेपी के शामिल होने पर काफी बवाल हुआ था।बवाल पर विद्यारानी ने कहा था कि उन्हें उनके पिता से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। यही नहीं उन्होंने दावा किया था कि वह अपने पिता से सिर्फ एक बार मिली थीं। बात दे कि कुख्यात चंदन एवं हाथीदांत तस्कर वीरप्पन के 2004 में पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के 16 साल बाद उसकी बेटी विद्यारानी ने भाजपा की सदस्यता ली थी। 29 साल की विद्या लॉ ग्रैजुएट हैं और कृष्णागिरि में बच्चों के लिए स्कूल चलाती हैं। विद्या एक एजुकेशनल इंस्टिट्यूट चलाती हैं। वह चाहती हैं कि वह समाज के लिए कुछ और बेहतर कर सकें। विद्या ने बताया कि वह पीएम मोदी से प्रभावित होकर वह बीजेपी में शामिल हुई हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, वीरप्पन की बेटी के जरिए पार्टी तमिलनाडु में करीब 20 प्रतिशत वोट बैंक से जुड़ने की कोशिश कर रही है। दरअसल, तमिलनाडु में वन्नियार एक प्रभावशाली जाति समूह है। वीरप्पन का परिवार इसी जाति का है। तमिलनाडु में अति पिछड़ा वर्ग में आने वाली इस जाति के लोगों की आबादी करीब 20 प्रतिशत है।

ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।
संपर्क करें कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560
Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# किसान अपनी आवश्यकतानुसार उर्वरक प्राप्त करें - मुख्यमंत्री चौहान

## गत वर्ष से 3.03 लाख मीट्रिक टन अधिक यूरिया वितरित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में किसानों के लिए यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की सभी जिलों में सेवा सहकारी समितियों एवं विपणन संघ के गोदामों में पर्याप्त उपलब्धता है। किसान भाई अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक सेवा सहकारी समितियों अथवा विपणन संघ के केंद्रों से प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी उर्वरक की कोई कमी नहीं है। इस खरीफ वर्ष में प्रदेश में 13 जुलाई तक 10.26 लाख मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है, जो गत वर्ष से 3.03 लाख मीट्रिक टन अधिक है। गत वर्ष विपणन संघ के माध्यम से इस अवधि तक 4.7 लाख मीट्रिक टन तथा सहकारिता क्षेत्र से 2.44 लाख मैट्रिक टन यूरिया वितरित किया गया। वहीं इस बार इसी अवधि में विपणन संघ के केंद्रों से 6.17 लाख मैट्रिक टन तथा सहकारिता क्षेत्र से 4.09 लाख मैट्रिक टन यूरिया का किसानों को वितरण किया जा चुका है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों को गत वर्ष से अधिक मात्रा में उर्वरकों की आपूर्ति की गई है। भारत सरकार से जुलाई माह के लिए प्रदेश को



2.06 लाख मीट्रिक टन यूरिया का आवंटन किया गया है। अतिरिक्त आवंटन के लिए भी भारत सरकार ने अवगत करवा दिया है, जिसके अनुसार 11 हजार 400 मीट्रिक टन स्वदेशी और 31 हजार 764 मीट्रिक टन आयातित यूरिया प्रदेश को प्राप्त होगा। जुलाई माह के लिए 15 जिलों से अतिरिक्त यूरिया की माँग प्राप्त हुई है, जिसके अनुसार आपूर्ति की कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि गत 6 जुलाई को केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री डी.वी. सदानंद गौड़ा से नई दिल्ली में मुलाकात कर प्रदेश के लिए अतिरिक्त यूरिया आवंटन का अनुरोध किया गया था, जिसे केन्द्रीय मंत्री ने स्वीकार करते हुए शीघ्र ही कोटा बढ़ाने और रैक प्वाइंटस की संख्या में वृद्धि की सहमति प्रदान की थी। इस संदर्भ में केन्द्र सरकार से पूरा सहयोग मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि इस वर्ष कोविड-19 के संकट के कारण इंदौर, खण्डवा और छिंदवाड़ा में रैक प्वाइंट पर रैक अनलोडिंग में अधिक समय लगने की समस्या आयी थी, लेकिन उसका तुरंत समाधान किया गया। खण्डवा रैक प्वाइंट के लिए जीएसएफसी की रैक 13 जुलाई को लग गई है। इसी तरह रतलाम, मेघनगर और धार में भी आपूर्ति की जा रही है। कृभको ने बड़वानी जिले में सड़क मार्ग से यूरिया आपूर्ति की है। इंदौर में एनएफएल की रैक भी 13 जुलाई को लग जाने से समाधान हुआ है। एक अन्य हाफ रैक ट्रांजिट में है जो बड़वानी, खरगौन और धार जिले में आपूर्ति करेगी। कृभको की तरफ से बुरहानपुर और खरगौन में आपूर्ति की जाएगी। सीहोर और विदिशा के लिए भी इसी सप्ताह व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी आवश्यकता के अनुरूप यूरिया आपूर्ति की जा रही है।छिंदवाड़ा, सिवनी, बड़वानी, छतरपुर, नरसिंहपुर, बैतूल, होशंगाबाद और खरगौन के विक्रय केन्द्रों के निरीक्षण के बाद लायसेंस निलंबित करने और एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की गई है। धान, मक्का, कपास की बोवनी जल्दी हो जाने से 1.21 लाख मीट्रिक टन यूरिया की अतिरिक्त माँग हुई है। भारत सरकार से 1.50 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की अतिरिक्त माँग की पूर्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सी.एम. हेल्पलाईन पोर्टल पर लंबित शिकायतों का निपटारा भी किया गया है। उर्वरक की आपूर्ति की शिकायतों और सहकारी समितियों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता से दूर किया गया है।

# खुरई बनेगी मिनी स्मार्ट सिटी



**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि खुरई को मिनी स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जायेगा। श्री सिंह ने शनिवार को सागर जिले की नगर पालिका परिषद खुरई में 22 करोड़ से अधिक राशि के विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने खुरई में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि नगर का चहुंमुखी विकास किया जाएगा। मंत्री श्री सिंह ने अटल बिहारी आवासीय कॉलोनी के लिए 2 करोड़ 86 लाख, विशेष निधि से नगर में सीसी रोड़, नाली एवं अन्य विकास कार्यों के लिए एक करोड़ पचास लाख, बीएलसी मकानों के लिए 16 करोड़ और हाट बाजार के लिए 2 करोड़ रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने बीएलसी के 500 मकानों के लिए लंबित हितग्राहियों के प्रकरणों की स्वीकृति दी। मंत्री श्री सिंह ने प्रधानमंत्री आवास एएचपी योजना के मकानों का काम फिर से शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 329 नए आवासीय पट्टे हितग्राहियों को स्वीकृत किये गये हैं। शेष का परीक्षण कर आगे और पट्टे दिए जाएंगे, जिनके पास भूमि का स्वामित्व नहीं है। उन्होंने एसडीएम को कार्यवाही के निर्देश दिए। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम निधि) योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति-पत्र वितरित किए। खुरई नगर में इस योजना के तहत 115 पथ विक्रेताओं के खाते में 10-10 हजार की ऋण राशि ट्रांसफर कर दी गई है। नगर में कुल 1257 पथ विक्रेताओं को यह राशि दी जाएगी। नगरीय विकास मंत्री श्री सिंह ने आज खुरई और मालथौन के अस्पतालों को विधायक निधि से एक-एक एंबुलेंस प्रदान की। उन्होंने कहा कि दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना खुरई में अगस्त माह से शुरू की जाए। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

**नगरीय विकास एवं आवास मंत्री सिंह द्वारा खुरई में 22 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा**

## राज्य मंत्री कावरे ने गांगुलपारा जलाशय का किया निरीक्षण

**भोपाल।** आयुष (स्वतंत्र प्रभार) एवं जल संसाधन राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कावरे ने अधिकारियों के साथ बालाघाट के गांगुलपारा जलाशय का निरीक्षण किया। उन्होंने जलाशय के स्लूस गेट को नया बनाने के संबंध में निर्देशों के बावजूद कार्यवाही न करने वाले एस.डी.ओ. और उप यंत्री के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये। राज्य मंत्री श्री कावरे ने कहा कि जलाशय के स्लूस गेट को नया बनवाने के लिए प्रयास क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि उनके संज्ञान में जलाशय के स्लूस गेट के खराब होने का मामला लाया गया था और उनके द्वारा संबंधित उपयंत्री एवं एसडीओ को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिये कहा था। लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

# खाद के अवैध भण्डारण एवं परिवहन पर 14 प्रकरणों में एफ.आई.आर

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा उर्वरक के भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर सख्ती से निगरानी की जा रही है। सभी जिलों में खाद-यूरिया वितरण व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिये जिला कलेक्टर्स एवं विभागीय अधिकारियों को आकस्मिक निरीक्षण के निर्देश भी दिये गये है। उक्त कार्यवाही के चलते प्रदेश में उर्वरक का अवैध भण्डारण करने वालों के खिलाफ पुलिस में 14 एफ.आई.आर. दर्ज करवाई गई, वहीं दूसरी ओर 9 प्रकरणों में लायसेंस निरस्त किये गये, 23 प्रकरणों में लायसेंस निलंबित कर 2 प्रकरणों में उर्वरक भण्डारण सीज किया गया। उपलब्धता के अनुसार किसानों को खाद-बीज वितरण विक्रय करने के अभियान में राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण भी करवाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पाई जा रही अनियमित्ताओं के लिये संबंधित व्यक्ति एवं संस्था के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही के साथ कानूनी कार्यवाही भी की जा रही है। छिन्दवाड़ा जिले में 154 विक्रय केन्द्रों पर किये गये निरीक्षण के दौरान अवैध भण्डारण करने पर तीन एफ.आई.आर. दर्ज की गई। बिना बिल के उर्वरक विक्रय करने पर एक लायसेंस निरस्त कर 3 प्रकरणों में निलंबन की

**32 प्रकरणों में लायसेंस निरस्त एवं निलंबन की कार्यवाही**

कार्यवाही की गई। सिवनी जिले में 105 विक्रय केन्द्रों पर किये गये निरीक्षण में यूरिया अवैध भण्डारण के 2 प्रकरणों में एफआईआर व 2 प्रकरणों में उर्वरक भण्डारण सीज कर एफ.आई.आर. की कार्यवाही और 1 प्रकरण में निलंबन की कार्यवाही की गई। बड़वानी जिले में 26 विक्रय केन्द्रों के निरीक्षण में यूरिया का अवैध भण्डारण करने पर एक प्रकरण में एफ.आई.आर. और 3 प्रकरणों में लायसेंस निलंबन की कार्यवाही की गई। छतरपुर जिले में 22 विक्रय केन्द्रों के निरीक्षण में उर्वरक का अवैध भण्डारण करने के एक प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज की गई। नरसिंहपुर जिले के 122 विक्रय केन्द्रों के निरीक्षण में यूरिया के अवैध परिवहन एवं भण्डारण पर एक एफ.आई.आर. और 2 प्रकरणों में निलंबन की कार्यवाही की गई है। बैतूल जिले के 82 विक्रय केन्द्रों के निरीक्षण में यूरिया के अवैध भण्डारण के 1 प्रकरण में लायसेंस निलंबित किया गया। होशंगाबाद जिले में 43 विक्रय केन्द्रों के निरीक्षण में अवैध परिवहन के 3 प्रकरणों में एफ.आई.आर., 9 प्रकरणों में लायसेंस निलंबन और 3 लायसेंस निरस्त किये गये। खरगौन जिले के 116 विक्रय केन्द्रों के निरीक्षण में रिकार्ड संधारण सही न पाये जाने पर एक लायसेंस निलंबित किया गया।

# चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने किया निरीक्षण

**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने मरीजों की सुविधा के मद्देनजर हमीदिया अस्पताल में तीन प्रवेश एवं निर्गम द्वार की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सबसे पहले फतेहगढ़ वाला पुराना गेट आमजन के लिये जल्द खोलने के निर्देश दिये। मंत्री श्री सारंग आज सुबह गांधी मेडिकल कॉलेज पहुँचे और हमीदिया अस्पताल के निर्माणाधीन हिस्से का निरीक्षण किया। उन्होंने कोविड केयर सेंटर के लिये अलग से द्वार रखने को कहा। श्री सारंग ने कोरोना के बढ़ते ग्राफ को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कोरोना मरीजों के उपचार के लिये अस्पताल में समुचित



**हमीदिया अस्पताल में तीन प्रवेश निर्गम द्वार शुरू करने के निर्देश**

व्यवस्थाएँ हों। श्री सारंग ने कोरोना के उपचार के लिए अस्पताल प्रबंधन को बिस्तरों (बेड) की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने ऑक्सीजन के साथ ही वेंटिलेटर की सुविधाओं को बढ़ाने को कहा। मंत्री श्री सारंग ने बिना मास्क लगाए परिसर में घूम रहे लोगों को मास्क लगाने की हिदायत दी और अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिये कि परिसर में हर व्यक्ति मास्क में होना चाहिये। उन्होंने खाली जमीन के कॉर्नर को पार्क के रूप सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये। श्री सारंग ने कोविड केयर सेंटर के डॉक्टर्स से भी चर्चा की। इस मौके पर प्रमुख सचिव श्री संजय कुमार शुक्ला, आयुक्त श्री निशांत वरवड़े, संभागायुक्त श्री कवीन्द्र कियावत संचालक, डॉ. उल्का श्रीवास्तव, डीन डॉ. अरूणा कुमार, अधीक्षक और विभिन्न विभागों के एचओडी मौजूद थे।

# गरीबों के साथ छलावा बर्दाश्त नहीं : मंत्री डॉ. मिश्रा

## दतिया मेडिकल कालेज छात्रावास भवन का किया भूमिपूजन

**भोपाल।** गृह, जेल, विधि-विधायी और संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में गरीबों के साथ नाइंसाफी काबिल-ए-बर्दाश्त नहीं है। डॉ. मिश्रा आज बड़ोनी में 3 करोड़ 66 लाख रूपये की लागत से बनने वाले दतिया मेडिकल कॉलेज के छात्रावास भवन के भूमिपूजन और अनुग्रह राशि वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर श्री सुरेन्द्र बुधौलिया, श्री विपिन गोस्वामी, प्रदीप अग्रवाल व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मंत्री डॉ. मिश्रा ने छात्रावास भवन की आधारशिला रखते हुए एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस बारे में सचेत रहें कि इस भवन का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो। डॉ. मिश्रा ने कहा कि कोरोना संकट काल में पहले




गरीबों को तीन माह का राशन प्रदान किया गया और उसके बाद दो माह का राशन पुनः प्रदान किया गया ताकि उनके सामने आजीविका की समस्या उत्पन्न न हो। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि दतिया विकास के सोपान तय कर रहा है। अब प्रयास होगा कि बड़ोनी भी विकसित क्षेत्र के रूप में जाना जाए। उन्होंने बड़ोनी में सहकारी बैंक की शाखा खोलने का आश्वासन दिया।डॉ. मिश्रा ने बड़ोनी में पुलिस क्वाटर्स बनाने के लिए 3 करोड़ 50 लाख रूपये की राशि देने की घोषणा की।उन्होंने इस मौके पर 28 परिवारों को 30 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता एवं विवाह सहायता राशि का वितरण भी किया। मंत्री डॉ. मिश्रा ने आनंदपुर में डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उन्होंने आनंदपुर के साथ ही दतिया के तलैया मोहल्ला में राहत सामग्री के साथ पौधों का वितरण भी किया। मंत्री डॉ. मिश्रा शनिवार सुबह दतिया स्थित अपने निवास पर आमजन से रूबरू हुए। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया। डॉ. मिश्रा ने पांच नि:शक्तजनों को विकलांग पेंशन कार्ड भी प्रदान किए। इन कार्डों से अब इन नि:शक्तजनों को प्रतिमाह छः सौ रूपये की पेंशन राशि प्राप्त होगी। मंत्री डॉ. मिश्रा ने दतिया में प्रधानमंत्री जनकल्याकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार अभियान कार्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री दिलीप बाल्मीकि ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत भारत सरकार की विविध कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। जिन पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उन्हें इनकी लाभ दिलवाया जाएगा। मंत्री डॉ. मिश्रा ने आशा व्यक्त की कि वे अधिकतम हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने में सफल होंगे।कार्यक्रम को श्रीमती रानी शर्मा ने भी संबोधित किया।

## संपादकीए

### अर्थव्यवस्था पस्त

कोरोना महामारी के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर कितना बुरा असर हुआ है इसका अभी ठीक-ठीक अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। हालांकि स्थिति की गंभीरता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि तमाम रेटिंग एजेंसियां जीडीपी में गिरावट के अनुमान को बढ़ाती जा रही हैं। इसमें आईएमएफ भी शामिल है। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा का मानना है कि वित्त वर्ष 2020-21 में जीडीपी में 9.5 फीसदी तक की गिरावट आएगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार 2020-21 में जीडीपी में 9.5 प्रतिशत की गिरावट आएगी जबकि पूर्व में 5 प्रतिशत गिरावट का अनुमान जताया गया था। उसका कहना है कि कुछ राज्यों में लॉकडाउन जारी रहने से मई और जून में शुरू हुई आर्थिक सुधार की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। भारत में कोरोना के मामले 10 लाख के करीब पहुंच चुका है। अब तक करीब 25 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। रोजाना आधार पर 30-32 हजार नए मामले सामने आ रहे हैं। गंभीर बात यह है कि अब तक यह शहरों में खतरनाक था, लेकिन अब इसका विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है। महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात और तमिलनाडु कोरोना से सबसे बुरी तरह प्रभावित राज्य हैं। इन चारों राज्यों में ग्राफ में उतनी तेजी नहीं रही है। हालांकि अन्य राज्यों में अब ग्राफ तेजी से बढने् लगे हैं। अलग-अलग राज्यों में लॉकडाउन इसी का नतीजा है। ऐसे में सेकंड वेब काफी खतरनाक हो सकता है। ज्यादातर विश्लेषकों का अनुमान है कि देश के जीडीपी में 5 से 6.5 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। देश की अर्थव्यवस्था में 2020-21 की पहली तिमाही में 25 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आ सकती है। उसके बाद कुछ हल्का सुधार देखने को मिल सकता है। दूसरी और तीसरी तिमाही में इसमें क्रमशः 12.4 प्रतिशत और 2.3 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। चौथी तिमाही में 1.3 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था अप्रैल 2020 में कड़ाई से लगाए गए लॉकडाउन के कड़े अनुभव से बाहर निकलने लगी थी। कई क्षेत्रों में यह देखा जा रहा था कि वे नई व्यवस्था के साथ स्वयं को समायोजित कर रहे हैं। हालांकि कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए कई राज्यों में स्थानीय स्तर पर लॉकडाउन फिर से लगाया गया है। इससे इकोनॉमिक रिवाइवल पर असर पड़ सकता है। कई विशेषज्ञ पहले कह चुके हैं कि लॉकडाउन को लागू करना अब बहुत खतरनाक होगा। लोकल और राज्य स्तर पर लॉकडाउन लागू करने से सप्लाई-चेन सिस्टम पर काफी बुरा असर पड़ेगा। कोरोना के कारण पैदा हुए आर्थिक संकट सप्लाई और डिमांड-दोनों प्रॉब्लम है। जब अनलॉक की शुरुआत हुई थी तो कई इंडिकेटर में तेजी से सुधार दर्ज किए गए। हालांकि वर्तमान हालात में अर्थव्यवस्था की गाड़ी में फिर से रिवर्स गियर लग गया है। भारत में महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और तमिलनाडु जैसे चार बड़े राज्य कोरोना से सबसे बुरी तरह प्रभावित हैं। देश की जीडीपी में इन राज्यों का बहुत बड़ा योगदान है। इसलिए जीडीपी कॉन्ट्रैक्शन का आंकड़ा बढ़ सकता है। सरकार की आर्थिक हालत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वित्त वर्ष 2019-20 में उसपर कुल 147 लाख करोड़ का कर्ज है। यह जीडीपी का करीब 72 फीसदी है। फिलहाल कोरोना की वैक्सीन या दवा नहीं आ रही है। इसमें समय लगने वाला है। ऐसे में अगर लॉकडाउन जैसे हालात कुछ समय के लिए और जारी रहे तो देश की इकोनॉमी को कितना नुकसान होगा, इसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता है। बेरोजगारी की समस्या पहले से विकराल है। गांव के हालात तो सुधर गए हैं, लेकिन शहरी गरीबों की हालत दयनीय हो गई है। फिर कोरोना महामारी से पस्त कंपनियां भी परेशान हो गई हैं। ज्यादातर कंपनियों का मानना है कि यदि कोविड-19 की नई लहर शुरू होती है, तो उनके कारोबार पर काफी बुरा असर होगा।

## शिव रात्रि पर विशेष शिव ही हमारे परमपिता!



हम सत्यम,शिवम,सुंदरम को आत्मसात कर स्वयं को आत्म बोध में स्थापित कर परमात्मा से अपनी लौ लगाये।यही आध्यात्मिक लौ हमारे अंदर के विकारों से मुक्ति दिलाकर हमारे कल्याण का आधार बनती है। परमात्मा शिव हमे संगम युग मे ईश्वरीय ज्ञान प्राप्ति कराकर युगपरिवर्तन द्वारा कलियुग से सतयुग में लाने के लिए यज्ञ रचते है। विश्व रचियता परमात्मा एक है,वही हमारे परमपिता है। जिसे कुछ लोग भगवान,कुछ लोग अल्लाह,कुछ लोग गोड ,कुछ लोग ओम, कुछ लोग ओमेन ,कुछ लोग सतनाम कहकर पुकारते है। यानि जो परम ऐश्वर्यवान हो,जिसे लोग भजते हो अर्थात जिसका स्मरण करते हो एक रचता के रूप में ,एक परमशक्ति के रूप में एक परमपिता के रूप में वही ईश्वर है और वही शिव है। एक मात्र वह शिव जो ब्रहमा,विष्णु और शकंर के भी रचियता है। जीवन मरण से परे है। ज्योति बिन्दू स्वरूप है। वास्तव में शिव एक ऐसा शब्द है जिसके उच्चारण मात्र से परमात्मा की सुखद अनुभूति होने लगती है। शिव को कल्याणकारी तो सभी मानते है, साथ ही शिव ही सत्य है शिव ही सुन्दर है यह भी सभी स्वीकारते है। परन्तु यदि मनुष्य को शिव का बोध हो जाए तो उसे जीवन मुक्ति का लक्ष्य प्राप्त हो सकता है। गीता में कहा गया है कि जब जब भी धर्म के मार्ग से लोग विचलित हो जाते है,समाज में अनाचार,पापाचार अत्याचार,शोषण,क्रोध,वैमनस्य,आलस्य,लोभ,अहंकार,का प्रकोप बढ़ जाता है।माया मोह बढ जाता है तब परमात्मा को स्वयं आकर राह भटके लोगो को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा का कार्य करना पडता है। ऐसा हर पाचं हजार साल में पुनरावृत होता है। पहले सतयुग,फिर द्वापर,फिर त्रेता और फिर कलियुग तक की यात्रा इन पांच हजार वर्षो में होती है। हांलाकि सतयुग में हर कोई पवित्र,सस्र्कारवान,चिन्तामुक्त और सुखमय होता है।परन्तु जैसे जैसे सतयुग से द्वापर और द्वापर से त्रेता तथा त्रेता से कलियुग तक का कालचक्र धूमता है। वैसे वैसे व्यक्ति रूप में मौजूद आत्मायें भी शान्त,पवित्र और सुखमय से अशान्त,दुषित और दुखमय हो जाती है। कलियुग को तो कहा ही गया है दुखों का काल। लेकिन जब कलियुग के अन्त और सतयुग के आगमन की धडी आती है तो उसके मध्य के काल को सगंम युग कहा जाता है यही वह समय जब परमात्मा स्वंय सतयुग की दुनिया बनाने के लिए आत्माओं को पवित्र और पावन करने के लिए उन्हे स्वंय ज्ञान देते है औरउन्हे सतयुग के काबिल बनाते है। समस्त देवी देवताओ में मात्र शिव ही ऐसे देव है जो देव के देव यानि महादेव है जिन्हे त्रिकालदर्शी भी कहा जाता है। परमात्मा शिव ही निराकारी और ज्योति स्वरूप है जिसे ज्योति बिन्दू रूप में स्वीकारा गया है। परमात्मा सर्व आत्माओं से न्यारा और प्यारा है जो देह से परे है जिसका जन्म मरण नही होता और जो परमधाम का वासी है और जो समस्त संसार का पोषक है। दुनियाभर में ज्योतिर्लिगं के रूप में परमात्मा शिव की पूजा अर्चना और साधना की जाती है। शिवलिंग को ही ज्योतिर्लिंग के रूप में परमात्मा का स्मृति स्वरूप माना गया है।धार्मिक दृष्टि में विचार मथंन करे तो भगवान शिव ही एक मात्र ऐसे परमात्मा है जिनकी देवचिन्ह के रूप में शिवलिगं की स्थापना कर पूजा की जाती है। लिगं शब्द का साधारण अर्थ चिन्ह अथवा लक्षण है। चूंकि भगवान शिव ध्यानमूर्ति के रूप में विराजमान ज्यादा होते है इसलिए प्रतीक रूप में अर्थात ध्यानमूर्ति के रूप शिवलिगं की पूजा की जाती है। पुराणों में लयनाल्तिमुच्चते अर्थात लय या प्रलय से लिगं की उत्पत्ति होना बताया गया है। जिनके प्रणेता भगवान शिव है। यही कारण है कि भगवान शिव को प्राय शिवलिगं के रूप अन्य सभी देवी देवताओं को मूर्ति रूप पूजा की जाती है। शिव स्तुति एक साधारण प्रक्रिया है। ओम नमः शिवाय का साधारण उच्चारण उसे आत्मसात कर लेने का नाम ही शिव अराधना है। श्रावण मास में शिव स्तुति मनोकामना पूर्ण करने वाली होती है। ॠवेद,यजुर्वेद व अर्थवेद में भगवान शिव को ईश, ईशान, रूद्र ,ईश्वर, कपर्दी, नीलकण्ठ, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान,भोलेशंकर नामों से जाना जाता है। वही भगवान शिव को सहत्रपक्षु, तिग्यायुध, वज्रायुध, विधुच्छक्ति, नारायण, श्वेताश्वर, अथर्व, कैवन्य, तंन्तिरीय, त्रयम्बक, त्रिलोचन, ताण्डवनर्तक, अष्टमूर्ति, पशुपति, अरोग्यकारक, वप्रांवर्धक, औसधवधित रूप में भी शिव को जाना जाता है। वही शिव को स्कन्द व वामन भी कहा गया। शिवालयों में पाषाण निर्मित शिव लिगं पर ही जलाभिषेक कर शिवस्तुति करने का प्रचलन है। लेकिन यदि मृणम्य शिवलिंगया बाजलिंग की उपासना कर शिवरात्रि पर जलाभिषेक किया जाए तो अधिक फलदायक होता है। गरूड पुराण में शिवलिगं निर्माण के विधान का उल्लेख किया गया है। जिसके तहत अलग अलग धातु या फिर वस्तु से निर्मित शिवलिंग की पूजा अर्चना से अलग अलग फल प्राप्ति होती है। कस्तूरी,चन्दन व कुमकुम से मिलकर बनाया गया गंधलिगं विशेष पूण्यकारी है। वही पुष्पों से पुष्पलिगं बनाकर शिव अराधना करने से पृथ्वी के अधिपत्य का सुख मिलता है।इसी प्रकार कपिल वर्ण गाय के गोबर से निर्मित गोशक्रलिगं की पूजा से एश्वर्य की प्राप्ति होना मानी जाती है। रजोमय लिंग पूजा करने से सरस्वती की कृपा साधक पर होने की मान्यता है। वही जौ,गेहूं,चावल के आटे से बने चवर्गोधूमशालिज लिंग पूजा से स्त्री,पुत्र व श्री सुख की अनुभूति का उल्लेख है। मिश्री से बने सितारखण्डमय लिंग पूजा से अरोग्यता ,हरताल व त्रिकुट लवण से बनाए गए लवणज लिंग से सौभाग्य प्राप्ति ,पार्थिव लिगं से कार्यसिद्धि ,भस्मय लिगं से सर्वफल प्राप्ति,गडोरथ लिगं से प्रीति वृद्धि,वशांकुर लिगं से वंश विस्तार,केशास्थि लिगं से शत्रुशमन,पारद शिव लिगं से सुख समृद्धि,कास्य व पीतल से बने शिव लिगं से मोक्ष प्राप्ति होने की मान्यता है।

### रूपमाला छन्द (मदन छन्द)

**विषय-मजदूर**

भोर से ही काम मे रत हो रहे मजदूर ।
साँझ को थक हार घर को लौटते मजदूर ।
ध्येय है पैसा कमाना ,पेट की है मांग ।
किन्तु धन अर्जन नहीं हो ,सत्य निष्ठा लांघ ।।

बोझ कांधो पर चढ़ा है ,पालते परिवार ।
फावड़ा ले हाथ करता ,कर्म हेतु प्रहार।
बांध नदियों पर बनाते ,श्रम करें भरपूर ।
तोड़ते हैं पत्थरों को ,रात दिन मजदूर ।।

चीथड़े तन पर लपेटे ,कर्म में तल्लीन ।
जूझते मजबूरियों से ,लोग कहते दीन ।
है बना उनका बसेरा ,ये खुला आकाश ।
एक दिन किस्मत खुलेगी ,मन भरा
विश्वास ।।



**रीना गोयल ( सरस्वतीनगर)**

### दिव्यता की विविधता

ईश्वर ने दुनिया की छोटी-छोटी खुशियां तो तुम्हें दे दी हैं, लेकिन सच्चा आनन्द अपने पास रख लिया है। उस परम आनन्द को पाने के लिए तुम्हें उनके ही पास जाना होगा। ईश्वर को पाने की चेष्टा में निष्कपट रहो। एक बार परम आनन्द मिल जाने पर सब-कुछ आनन्दमय है। परमानन्द के बिना संसार की खुशियां अस्थाई हैं। तुमने ईश्वर को सदैव पिता के रूप में देखा है परंतु क्या तुम ईश्वर को एक शिशु के रूप में देख सकते हो? जब तुम ईश्वर को शिशु के रूप में देखते हो तो तुम्हारी कोई मांग नहीं होती। ईश्वर तो तुम्हारे अस्तित्व का अन्तःकरण है। ईश्वर तुम्हारा शिशु है। वे तुमसे बच्चे की तरह चिपककर रहते हैं जब तक तुम वृद्ध होकर मर नहीं जाते। संसार में उनके पोषण के लिए उन्हें तुम्हारी आवश्यकता है। साधना, सत्संग और सेवा ईश्वर के पोषक आहार हैं। ईश्वर अनेक क्यों नहीं हो सकते? यदि ईश्वर ने मनुष्य को अपनी ही छवि के अनुसार बनाया है, तो उनकी छवि क्या है? अफ्रीकी, मंगोलियन, कॉकेसियन, जापानी या फिलिपिनो? मनुष्य इतने प्रकार के क्यों हैं, वृक्ष सिर्फ एक प्रकार का नहीं होता। सांप, बादल, मच्छर या सब्जी सिर्फ एक प्रकार के नहीं। तो फिर केवल ईश्वर को ही एक क्यों होना चाहिए? जिस चेतना ने इस सम्पूर्ण सृष्टि की रचना की है और जो विविधता प्रेमी है, वह नीरस कैसे हो सकती है? ईश्वर को विविधता पसंद है, तो वे भी अवश्य ही वैविध्यपूर्ण होंगे। ईश्वर अनेक नाम, रूप और प्रकार से अभिव्यक्त होते हैं। कुछ विचार-धारा के व्यक्ति ईश्वर को उनके विभिन्न रूपों में प्रकट होने की स्वतंत्रता नहीं देते। वे उन्हें एक ही रूप में चाहते हैं। अवसर के अनुसार जब तुम अपना रूप बदलते हो तो फिर कैसे सोच सकते हो कि चेतना में कोई विविधता न हो? हमारे पूर्वज इस बात को समझते थे इसीलिए, उन्होंने दिव्यता के अनन्त गुणों व रूपों का ज्ञान कराया। चेतना नीरस और उबाऊ नहीं है।

## कोरोना के आतंक का प्रभाव



आज के समय में कोरोना महामारी ने ऐसा कहर ढाया है कि चारों तरफ गज़ब का संकट छा दिया है। इसने लोगों का जीना और मरना दोनों ही मुहाल कर दिया है। इस कोरोना काल में जीवन गुजर बसर करने वाले ऐसे न जाने कितने फेरीवाले है, न जाने कितने नौकर-चाकर है, न जाने कितने मंदिरों के सामने फूल बेचने वाले है, न जाने कितने टैक्सी ड्राइवर है, न जाने कितने पहरेदार है, न जाने कितने साइकिल में हवा भरने वाले है, न जाने कितने पान की दुकान वाले है, न जाने कितने मिठाई के दूकान वाले है और न जाने कितने गरीब लोग है जिसकी जिदंगी थम सी गई है, टूट सी गई और रूस सी गई है। आज के समय में कोरोना ने ऐसा कहर ढाया है कि चारों तरफ लाशों का ढेर सा लगा पड़ा है।

कोई अपने पिता- पुत्र से, मां- बेटे से, तो कहीं भाई- बहन से अलग होते जा रहा है। अब तो ऐसी स्थिति आ है कि अंतिम संस्कार के लिए भी जगह की कमी पड़ रही है। कोरोना महामारी ने ऐसा हालत उजागर किया है कि उनके घरवाले भी उनके अंतिम क्रिया- कर्म के लिए शमशान घाट या कब्रिस्तान जाने में भी घबराते हैं

**राज कुमार साव**
**बादशाही रोड माठ पारा बर्धमान**
**पूर्व बर्धमान**
**पश्चिम बंगाल**

### कर दो तुम मेरा उद्धार

******************

तुम मेरी रचना बन जाओ
बन जाऊं मैं रचनाकार
सृजन सहज हो जाए मेरा
लिखना हो जाए साकार..।।

शब्द शिल्प में रसता दे दो
उसे अलंकृत कर दूं मैं
मेरी कविता तुम बन जाओ
इतना बस कर दो उपकार..।।

छंद सोरठा दोहा लिख दूं
बस मेरी उपमा बन जाओ
हो जाए फिर काव्य विभूषित
तुमसे है बस यही पुकार..।।

लेखन विधा मेरी बन जाओ
विधिवत हो जाए फिर कार्य
रूप रंग परिभाषित कर दूं
आग्रह बस कर लो स्वीकार..।।

साधक मैं भी बन जाऊं
साधना मेरी तुम बन जाओ
हो जाऊं कृतज्ञ तुम्हारा
कर दो तुम मेरा उद्धार..।।
कर दो तुम मेरा उद्धार..।।



***विजय कनौजिया***
**ग्राम व पत्रालय-काही**
**जनपद-अम्बेडकर नगर (उ0 प्र0)**
**मो0-9818884701**

## कोवैक्सीन आने का सभी को है इंतजार।

जब से लॉकडाउन खुलने के बाद भी देश के अधिकांश शहरों में चहलकदमी बढ़ी, बंद पड़े घरों से बाहर सड़क पर लोग निकलना शुरू कर दिये। दुकान, बाजार की रौनक धीरे - धीरे वापिस लौटने लगी। रेल बस यातायात सेवा फिर से आंशिक तौर पर शुरू हो गई। अपने - अपने काम पर दैनिक मजदूर लौटने लगे । यह सुनकर एवं बाहर के बदले दृश्य को देखकर रामू काका को बहुत अच्छा लगा। उन्हें भी अब घर से बाहर निकलने की इजाजत मिल सकेगी। पूर्व की भांति सड़क पर टहल सकेंगे। पार्क का चक्कर लगाते - लगाते हरियाली का आनन्द ले सकेंगे। अपने पुराने कई मित्रों से मिलकर दुःख - सुख की बात कर सकेंगे। शहर के चर्चित कालू हलवाई के दुकान के बने समोसे , पकौड़े, जिलेबी का आनन्द ले सकेंगे पर जैसे हीं उन्हें यह पता चला कि लॉकडाउन खुलते ही कोरोना संक्रमितों की संख्या पहले से ज्यादा बढ़ने लगी तो उनके मन में फिर से भय समा गया। मन की बात मन में हीं रह गई। हिम्मत कर जैसे हीं अपने पग घर से बाहर निकालने का प्रयास किया तो उसके बड़े बेटे रघु ने बाहर निकलने से मना करते हुए कहा कि अभी वृद्धजनों एवं बच्चों को बाहर निकलने की इजाजत सरकार की ओर से नहीं मिली है। वैसे भी इस तरह के हालात में जहां





वायरस के हवा में भी फैलने की बात सामने आने लगी है, बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं है। बस थोड़े दिन की और बात है, जब इससे बचाव का टीका कोवैक्सीन बाजार में आ जायेगा, तब हम सब सुरक्षित होकर बाहर निकल सकेंगे। सरकार इस दिशा में प्रयास कर रही है। कोवैक्सीन के मानव पर जांच किये जाने की बात भी सामने आने लगी है। बहुत जल्द ही कोरोना से राहत मिल सकेगा। रामू काका को कोवैक्सीन के मानव पर जांच किये जाने की बात बेटे से जानकर बहुत सकून मिला। घर से बाहर निकले पग फिर से अन्दर हो गये। उसे शीघ्र से शीघ्र कोवैक्सीन बाजार में आने का इंतजार होने लगा। यह इंतजार केवल रामू काका को हीं नहीं बल्कि आज सभी को है जो भय रहित अपने दिनचर्या को कर सकें। पूर्व की भाँति सडकों पर बेधड़क निकल सकें। एक दूसरे से मिल सके। आज सभी को कोरोना वायरस से वचाव के टीके कोवैक्सीन बाजार में उपलबध होने का इंतजार है। वैसे तो कोवैक्सीन की खोज में विश्वस्तर पर प्रयास जारी है। कई विकसित देशों ने इसके सफल परीक्षण की बात भी उजागर की है। पशुओं पर इसकी जांच हो चुकी है अब मानव पर जांच किये जाने की बात सामने आने लगी है। भारत में कुछ चुने हुये चिक्तिसालयों में इसके जांच किये जाने की भी बात उभर कर सामने आने लगी है। पूर्व में 15 अगस्त पर इसकी घोषणा सरकारी तौर पर किये जाने की भी बात आमजन के बीच आ चुकी है। इस दिशा में कार्य तो चल रहे है, सभी प्रयास कर रहे है। बस इंतजार है शीघ्र से शीघ्र आमजन के बीच इसे आने की जिससे पूर्व की भांति सभी की बंद जिंदगीं पटरी पर लौट आये। रामू काका जैसे घर में बंद लाखों को बाहर की ताजी हवा खाने को मिल सके। बंद पड़े उद्योग फिर से चालू होने लगे जहां भय रहित जिंदगीं नजर आने लगे। करोड़ों की तयदाद में अपने घर लौटे कामगार काम पर बिना भय के लौटने लगे। कालू हलुवाई जैसी देश में बंद पड़ी अनेक दुकानें फिर से चालू हो जाय जहां लोग पहले की तरह फिर से बिना भय के स्वादिष्ट व्यजनों का आनन्द ले सके। आज कोवैक्सीन के नहीं आने से सभी के मन में कोरोना का भय समाया हुआ है। कब किसे हो जाय कह पाना मुश्किल है। इसलिये आज सभी बाहर तो निकलने लगे है पर डर - डर के, और यह डर तभी बाहर हो सकेगा जब कोवैक्सीन सफल होकर बाजार में आमजन के लिये आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। इसलिये आज सभी को कोवैक्सीन आने का इंतजार है।

### प्रतिद्वंदिता'

हर समय एक प्रतिद्वंद है ,
यह खुद से खुद की जंग है
जो जी रहे इस भाव में
हर समय उनका जीवन
जैसे कोई प्रतिद्वंदिता।

क्यों न स्वयं से ही करे
हर काम में प्रतिद्वंदिता
प्रयास निरंतर बढ़ने का
नमन तुझे है प्रतिद्वंदिता।



इसके प्रभाव में आकर
जीवन कितना बदल गया
हर क्षण जीवन का जैसे
प्रतिद्वंदिता में बदल गया।

जीवन की इस भागदौड़ मैं
प्रतिद्वंदिता है हर समय
जीत का आनंद ही अब
प्रतिद्वंदिता में बदल गया।

अवसर को पहचानना
हर किसी के बस की बात नहीं
प्रतिद्वंदिता तो साधन है बस
यह कोई शह और मात नहीं।

**प्रतिभा दुबे ÷अभिलाषी÷**
**ग्वालियर (मध्य प्रदेश)**

### किताबे बोल देगी तो क्या होगा...?

जीवन के अनसुलझे से रहस्य सारे खोल देंगी तो क्या होगा,
सोचो अगर ताक में पड़ी किताबे बोल देंगी तो क्या होगा।



झटपट से सब बोलेगी, सच झूठ को तोलेगी ,
बात - बात पर टोकेगी ,करने से गलत वो रोकेगी।
तुम्हारे हर झूठ को सत्य मैं अपने घोल देंगी तो क्या होगा।

सोचो अगर ताक में पड़ी....

दर्पण तुम्हे वो दिखा देगी, पाठ संस्कृति का वो सीखा देगी ,
किस राह में है अपने , कहा छिपे पराए है सब बात तुम्हे बतलादेगी।
वो तुम्हे खुद में रचित किरदारों से अधिक मोल देंगी तो क्या होगा।

सोच अगर कभी.....

बात - बात पर टोक देंगी , करने से नशा तुम्हे रोक देंगी,
जब भी कभी भटकोगे तुम राहो से बातें वो ज्ञान की कह देंगी।
तुम्हारी हर लापरवाही पर राज़ तुम्हारा खोल देंगी तो क्या होगा।
सोचो अगर ताक...

**दीपेश पालीवाल**
**उदयपुर राज.**

### क्या हाल हो गया है भाई

सत्तालोभ के चक्कर में बेहाल हो गया है भाई
देख लो अपने भारत का क्या हाल हो गया है भाई
नेताजी का हाल हुआ बिन पेंदी के लोटे वाला
हाकिम रिश्वत मांग रहे हैं और वो भी मोटे वाला
स्वार्थ सिद्ध हो जाए जहाँ पर वहीं पे जाके टूट रहे
नेता अफसर मिल जुल कर के जनता को हैं लूट रहे
वादे इनके फांस ले जो वो जाल हो गया है भाई
देख लो अपने भारत का क्या हाल हो गया है भाई

चलती पैसेवालों की गरीबों को दुत्कार रही
महंगाई नागिन बनकर के देखो है फुंफकार रही
ये तो अपनी चाल तीव्र से, नित ऊंची चढ़ती जाती
आमदनी का पता नहीं है, महंगाई बढ़ती जाती
अब जीना यहां गरीबों का मुहाल हो गया है भाई
देख लो अपने भारत का क्या हाल हो गया है भाई

राह का पत्थर बनकर है बेरोजगारी रोके रस्ता
रोजगार का मार्ग नहीं है हालत हो गई है खस्ता
मेधा और प्रतिभा भी बन बैठीं हैं धन की दासी
रोजगार के कारण बन गए पढ़े लिखे भी चपरासी
बेरोजगारी के चलते बड़ा बवाल हो गया है भाई
देख लो अपने भारत का क्या हाल हो गया है भाई

एक और ऐसा ही मद है जो विकास का अवरोधक
रोज-रोज बढ़ती ही जाती ये जनसंख्या विस्फोटक
आबादी न बढ़े तब कल्याण निहित यहां पर है
भूलें न कि जीने का संसाधन सीमित यहां पर है
इसका इतना बढ़ जाना अब काल हो गया है भाई
देख लो अपने भारत का क्या हाल हो गया है भाई




रही किसी को रुचि नहीं सत्कर्मों में सत्संगों में
लेकिन सबका मन लगता है उन्मादों में दंगों में
हिंदु मुस्लिम सिख इसाई लड़ते देखो आपस में
दौड़ रही है कट्टरपंथी सोच यहां पर नस नस में
खून से भारत मां का आंचल लाल हो गया है भाई
देख लो अपने भारत का क्या हाल हो गया है भाई

**विक्रम कुमार**
**मनोरा, वैशाली**

# मेडिटेशन के हैं फायदे अनेक, सभी दर्दों का इलाज हो जाएगा

**कहते हैं कि समय का पहिया किसी के लिए नहीं रूकता। समय के साथ जैसे-जैसे उम्र बढ़ने लगती है, मनुष्य को बहुत सी परेशानियों से गुजरना पड़ता है। खासतौर से, वर्तमान युग की जीवनशैली को देखते हुए कम उम्र में ही ढेरों बीमारियां भी मनुष्य के शरीर को अपना घर बना लेती हैं। इन सब परेशानियों से निजात पाने के लिए आपको महंगे व दर्दनाक ट्रीटमेंट करवाने पड़ते हैं। लेकिन यदि आप मेडिटेशन का सहारा लें तो आपको बिना किसी दर्द के अपनी सभी मर्ज का इलाज मिल जाएगा। मेडिटेशन आपके सिर्फ तन को ही नहीं, बल्कि मन को चुस्त-दुरूस्त बनाकर आपको हर तरह से फिट बनाता है। इसे कहते हैं हींग लगे न फिटकरी और रंग भी चोखा।**



### फायदों की खान

मेडिटेशन एक ऐसी दवा की तरह काम करता है, जिसके जरिए बाहरी व भीतरी हर तरह के मर्ज का इलाज किया जा सकता है। इसके फायदों की तो कोई गिनती ही नहीं है। इससे आपकी एकाग्रता बढ़ती है। साथ ही इससे दिमाग भी तेज और एक्टिव होता है। यह आपके एजिंग के साइन्स को कम करके आपको लंबे समय तक जवां बनाता है। इतना ही नहीं, आपकी इम्युनिटी को बढ़ाकर हर प्रकार की बीमारी से लड़ने में मदद करता है। अगर आपको बहुत अधिक गुस्सा आता है तो मेडिटेशन आपके गुस्से पर भी लगाम लगाता है। अगर आप हर रोज मेडिटेशन करते हैं तो आपको नींद भी अच्छी आती है। जिससे आपका पूरा दिन खुशहाल बीतता है।

### न तोड़ें रूटीन

अगर आप वास्तव में चाहते हैं कि आपको मेडिटेशन का फायदा मिले तो इसके लिए आपको मेडिटेशन को अपनी दिनचर्या में शामिल करना होगा। आप चाहे कितने भी व्यस्त क्यों न हों, लेकिन खुद के लिए पांच मिनट निकालना तो आपके लिए असंभव नहीं होगा। मेडिटेशन रोजाना करना बेहद आवश्यक है। कभी-कभार करने से कोई फायदा नहीं होने वाला।

### यूं करें मेडिटेशन

मेडिटेशन करने के लिए आपको सबसे पहले रिलैक्स होना सीखना होगा। इसके लिए आप आराम से लेट जाएं और आंखें बंद कर लें। फिर गहरी सांस लें। इसके पश्चात् अपने सीधे पैर पर सारा ध्यान ले जाएं। पंजे को आगे और पीछे की ओर खींचें। एक बार खींचने पर दो बार गहरी सांस लें और छोड़ें। इतनी देर तक पंजे को उसी पॉजिशन में रखें। इसके बाद पैर के तनाव को रिलीज कर दें। फिर गहरी सांस लें और उल्टे पैर के साथ भी यही प्रक्रिया दोहराएं। पूरी बॉडी को रिलैक्स करने के लिए आप शरीर के हर भाग मसलन टखना, घुटना, कोहनी, हथेली आदि के साथ भी यही प्रक्रिया करें। धीरे-धीरे आप पूरी बॉडी को रिलैक्स करना सीख जाएंगे। इस प्रक्रिया को करने के लिए आपको सिर्फ पांच मिनट लगेंगे। आप चाहें तो रिलैक्स होने के लिए मेडिटेशन के दौरान कोई सॉफ्ट म्यूजिक भी लगा सकते हैं।

# चिकनगुनिया का घंटे भर में पता लगाएगा यह उपकरण

अमेरिका द्वारा विकसित एक नए उपकरण की मदद से स्वास्थ्यकर्मी अब किसी मरीज में चिकनगुनिया संक्रमण का घंटे भर के अंदर पता लगा सकेंगे। अब तक चिक नगुनिया की जांच का परिणाम आने में कई दिन या सप्ताह भर लग




जाता है, लेकिन अब इस नए उपकरण की मदद से तुरंत चिकनगुनिया के संक्रमण का पता लगाया जा सकेगा। चिकनगुनिया संक्रमित मादा एडीज मच्छर के काटने से होता है तथा संक्रमित व्यक्ति को बुखार, दर्द और मांसपेशियों तथा जोड़ों में सूजन की समस्या होती है। इसके अलावा सिर में दर्द और खराश की शिकायत भी हो सकती है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार अगर चिकनगुनिया की महामारी फैलती है तो स्वास्थ्यकर्मियों के लिए यह उपकरण तेजी से रोग का पता लगाने में बेहद मददगार साबित होगा, जिसके लिए किसी विशेष उपकरण, विशेषज्ञ या प्रशिक्षण की जरूरत नहीं है। अमेरिका के सैन्य चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा चिकनगुनिया पर इस उपकरण का परीक्षण किया है। यह गर्भ का पता लगाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जैसा ही है, जिसे रसायन के लेप के साथ उपयोग किया जाता है। चिकनगुनिया की जांच के लिए इस समय प्रयोगशाला में काफी भारी भरकम मशीनों का इस्तेमाल किया है तथा इसके उपयोग के लिए काफी प्रशिक्षण की भी जरूरत होती है। अमेरिका के ÷वेक्टर टेस्ट सिस्टम्स इंक द्वारा विकसित इस उपकरण को कोई भी नौसिखिया कहीं भी ले जाकर इस्तेमाल कर सकता है। इस उपकरण की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसे इस्तेमाल करने के लिए बिजली की जरूरत नहीं होती।

# मुंह की बदबू से परेशान हैं तो इस तरह पा सकते हैं छुटकारा

कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनके मुंह से अक्सर बदबू आती रहती है। ऐसे लोग किसी के भी सामने खुलकर बात करने से घबराते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शुमार है तो अब आपको परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। अगर आप चाहें तो कुछ बेहद आसान उपायों के जरिए अपनी इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इन उपायों के बारे में-



### सौंफ का स्वाद

मुंह को फ्रेश रखने के लिए सौंफ से बेहतर और कुछ हो ही नहीं सकता। इसका स्वाद तो बेहतरीन होता है ही, साथ ही इसके एंटी माइक्रोबियल तत्व बैक्टिरिया से लड़ने का भी काम करते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आप खाना खाने के बाद एक चम्मच सौंफ चबाकर खाएं। इसके अलावा आप चाहें तो सौंफ के पानी से कुल्ला भी कर सकते हैं। इसके लिए आप एक गिलास पानी में एक चम्मच सौंफ उबालिए और हल्का गुनगुना होने पर इससे कुल्ला करें।

### रखें खुद को हाइड्रेट

गर्मी के मौसम में पानी की अधिकता सिर्फ निर्जलीकरण से ही आपको नहीं बचाती, बल्कि यह मुंह की दुर्गंध को दूर करने का भी एक आसान उपाय है। दरअसल, मुंह से बदबू आने का एक कारण आपके शरीर में पानी की कमी भी होता है। जब आप पानी कम मात्रा में पीते हैं तो इससे आपका मुंह सूखने लगता है और आपके मुंह में लार नहीं बनती। यही लार आपके मुंह के बैड बैक्टीरिया को नियंत्रित करती है और आपके मुंह से बदबू नहीं आती। लेकिन जब आप पानी कम मात्रा में पीते हैं तो यह बैड बैक्टीरिया विकसित होने लगते हैं और आपके मुंह से दुर्गंध आती है।

### खाने का रखें ख्याल

आप जो कुछ भी खाते हैं, उसका प्रभाव भी आपकी सांसों पर पड़ता है। उदाहरण के तौर पर, अगर आप प्याज, लहसुन, अत्यधिक अम्लीय या फ्रक्टोज युक्त शुगर का सेवन करने से बाद में आपके मुंह से स्मेल आती है। इसलिए आप ऐसे भोजन को खाने के बाद ब्रश अवश्य करें, ताकि आपके मुंह के बदबू न आए।

### सेब का कमाल

आपको शायद जानकर हैरानी हो लेकिन सिर्फ सेब की मदद से भी मुंह से आने वाली बदबू को दूर किया जा सकता है। इसके लिए आप हर रोज सेब को चबा-चबाकर खाएं। इससे निकलने वाला रस आपके मुंह में लार को बढ़ावा देता है, जिसके कारण आपके मुंह से बदबू नहीं आती। इसके अतिरिक्त रोजाना एक सेब का सेवन करने से आपके पीले दांतों की समस्या भी दूर होती है।

### इस्तेमाल करें सरसों का तेल

अगर आप अपने मुंह की दुर्गंध से छुटकारा पाना चाहते हैं तो चुटकी भर नमक में 1 बूंद सरसों के तेल की डाल लें और इससे दांतों और मसूढ़ों का मालिश करें। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि यह मुंह की दुर्गंध को दूर करने के साथ-साथ दांतों की अन्य समस्याओं जैसे दांत दर्द व पीलेपन को भी दूर करता है।

# चेहरे की सुंदरता बढ़ानी है तो टमाटर को इस तरह करें इस्तेमाल

टमाटर के बिना सब्जी बेस्वाद ही नजर आती है। अमूमन इसका प्रयोग घरों में सब्जी का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ सलाद व सूप बनाने में किया जाता है। हर रूप में अपने टेस्ट से आपको लुभाने वाले एंटी-ऑक्सीडेंट युक्त यह टमाटर आपकी सेहत का ख्याल तो रखते हैं ही, साथ ही यह आपके चेहरे की सुंदरता को भी कायम रखते हैं। अगर आप बेहद कम दाम में अपनी स्किन का ख्याल रखना चाहती हैं तो टमाटर का इस्तेमाल करें। यह आपको एक बेहतरीन स्किन देते हैं। वो कहते हैं ना, हींग लगे न फिटकरी, रंग भी चोखा। तो चलिए जानते हैं टमाटर से स्किन को होने वाले फायदों के बारे में-



### एक्ने से छुटकारा

टमाटर में प्राकृतिक अम्ल पाए जाते हैं जो आपके चेहरे पर मौजूद मुंहासों को कम करने का काम करते हैं। इसके अतिरिक्त टमाटर में विटामिन ए, विटामिन सी व विटामिन के भी पाया जाता है, जिसके कारण अगर आप चेहरे पर टमाटर का प्रयोग करते हैं तो आपको एक्ने की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। इसके इस्तेमाल के लिए आप टमाटर का पल्प निकाल कर उसे अपने चेहरे पर लगाएं। इसे करीबन एक घंटे से लिए छोड़ दें। इसके बाद चेहरा वॉश करें और इसके बाद उसे मॉइश्चराइज करना न भूलें।

### कॉम्बिनेशन स्किन के लिए वरदान

अगर आपकी स्किन कॉम्बिनेशन है तो आपके लिए टमाटर का इस्तेमाल काफी लाभदायक हो सकता है। टमाटर में मौजूद तत्व आपकी स्किन के अतिरिक्त तेल को बैलेंस करने के साथ ब्लैकहेड्स आदि से भी आपको छुटकारा दिलाते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आप मैश्ड टोमैटो में एवोकाडो मिलाकर एक पैक बनाएं। अब इस पैक को चेहरे पर लगाकर करीबन आधे घंटे के लिए छोड़ दें। बाद में हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

### सनबर्न को कहे अलविदा

गर्मी के मौसम में आपको सबसे ज्यादा जिस परेशानी से जूझना पड़ता है वह है सनबर्न। धूप में बाहर निकलने से सूरज की हानिकारक किरणों से आपको टैनिंग व सनबर्न की समस्या होती है। इससे निजात दिलाने में भी टमाटर आपकी मदद कर सकता है। दरअसल, टमाटर में लाइकोपीन पाया जाता है, जो एक नेचुरल सनस्क्रीन की तरह काम करता है।

# सुबह उठते ही ढूंढते हैं मोबाइल

कुछ लोग सुबह उठते ही सबसे पहले मोबाइल फोन को ढूंढते है. अगर आप भी यही कुछ कर रहे हैं तो जरा सावधान हो जाए क्योंकि एक रिसर्च के अनुसार, 80 प्रतिशत लोग सुबह उठने के बाद अपना फोन देखना पसंद करते है . इसके साथ ही उठने के सिर्फ 15 मिनट के अंदर ही 5 में से 4 लोग अपने फोन को चेक करते है. मगर ऐसा करना उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत पर अपना गहरा और बुरा असर डालता है ऐसे लोगों को हैल्थ से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता तो चलिए आपको बताते हैं इसके बारे में... फोन को जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करने से दिल और दिमाग में अलग-अलग चीजें घूमती है. ऐसे में बिहेव में बदलाव आने लगता है. व्यक्ति गुस्सा, चिड़चिड़ा बर्ताव करने लगता है. इसके अलावा अजीब व भयानक चीजें देखने पर बहुत से लोगों में डर पैदा होने लगता है. जो लोग ऐसा करते हैं वो ज्यादा स्ट्रेस यानि कि तनाव में रहते हैं. बार-बार फोन स्क्रीन को स्क्रोल कर चेक करना कि कल क्या किया था आज क्या करना है. ऐसे लोगों के मन में काम को पूरा करने के प्रति डर और चिंता होने लगती है. ऐसे होने पर ऐसे लोगों की सुबह के समय में ही शरीर की ऊर्जा कम होने लगती है. थकान व सुस्ती महसूस होने लगती है. साथ ही एकाग्रता शक्ति कम हो तनाव बढ़ने लगता है. घंटों फोन में आंखे घुसाए रहने से आंखों को पूरा आराम नहीं मिल पाता नतीजा आंखें कमजोर होने लगती हैंवहीं 1 जगह घंटों बैठे रहने से मोटापा बढ़ता है. फोन को बहुत ज्यादा इस्तेमाल करने वाले लोगों की एकाग्रता शक्ति में कमी आने लगती है.



# दवा लेते समय इन बातों का रखे खयाल

**किसी दवा को लेने पर पेट खराब हो जाए, स्किन रैशेज या सूजन आए तो फौरन विशेषज्ञ से संपर्क कर उन्हें बताएंदवा लेने के कुछ खास तरीके होते हैं यदि इनका ध्यान रखा जाए तो कई दिक्कतों से बचा जा सकता है-**

1. आपके नियमित डॉक्टर आपकी फैमिली हिस्ट्री व मेडिकल कंडीशन से काफी हद तक वाकिफ होते हैं लेकिन अगर आप किसी नए डॉक्टर के पास जा रहे हैं तो उन्हें मेडिकल हिस्ट्री व फिलहाल जो दवाएं ले रहे हैं उनकी जानकारी अवश्य दें। किसी मेडिसिन से एलर्जी है तो इसे भी विशेषज्ञ को अवश्य बताएं।



2. अपनी मर्जी से पुराने प्रिसक्रिप्शन के आधार पर दवाएं न लें क्योंकि कई दवाएं तात्कालिक लक्षणों एवं इलाज के हिसाब से दी जाती हैं।
3. किसी दवा को लेने पर पेट खराब हो जाए, स्किन पर रैशेज या सूजन आए तो फौरन विशेषज्ञ से संपर्क कर उन्हें बताएं।
4. दवा खाली पेट लेनी है या खाना खाकर, यह जानकारी जरूर लें।
5. मेडिसिन की एक्सपायरी डेट जरूर देख लें। तारीख सही हो लेकिन दवाई पिघली हुई, बदशक्ल या बदरंग लग रही हो तो उस दवा को न लें।



पोयोंग में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ के कारण इमारतों के साथ ही आसपास का पूरा इलाका पारी में डूब गया।

# कोरोना वायरस संक्रमण के मामले में पेरू को पीछे छोड़ पांचवें स्थान पर पहुंचा दक्षिण अफ्रीका

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका कोरोना वायरस संक्रमण के मामले में दुनिया का पांचवा देश बन गया है। यहां संक्रमण के मामले 3,50,879 पर पहुंच गए हैं। देश में शनिवार को संक्रमण के 13,285 नए मामले सामने आए और इसी के साथ संक्रमण के मामले बढ़ कर 3,50,879 हो गए हैं। संख्या के मामले में दक्षिण अफ्रीका ने पेरू को पीछे छोड़ दिया है। संक्रमण के पुष्ट मामलों में अब भी अमेरिका सबसे आगे हैं इसके बाद ब्राजील, भारत और रूस का नाम आता है। इस सूची में पांचवा नाम दक्षिण अफ्रीका का जुड़ गया है। गौरतलब है कि दुनिया के अन्य स्थानों की तुलना में कोरोना वायरस संक्रमण अफ्रीकी महाद्वीप में काफी देर से




पहुंचा। इस लिहाज से अधिकारियों को संक्रमण से निपटने की तैयारी का काफी वक्त मिला। किसी भी अन्य क्षेत्र के मुकाबले अफ्रीका में स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के संसाधन बेहद सीमित हैं। इसके चलते दक्षिण अफ्रीका में संक्रमण के तेजी से बढ़ते मरीजों का उपचार करने में सरकारी अस्पतालों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। देश में संक्रमण से 4,948 लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन साउथ अफ्रीकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में कहा कि छह मई से सात जुलाई के बीच देश में 10,944 मौत हुई हैं।

# रियर एडमिरल एमएस इकबाल होंगे बांग्लादेश नौसेना के नए प्रमुख



**एडमिरल इकबाल ने पनडुब्बी रोधी युद्ध कला में भारत में प्रशिक्षण लिया है**

**ढाका।** रियर एडमिरल मोहम्मद शाहीन इकबाल को बांग्लादेश नौसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी कि रियर एडमिरल इकबाल ने पनडुब्बी रोधी युद्ध कला में भारत में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वह अभी सहायक नौसैना प्रमुख के तौर पर कार्यरत हैं। रियर एडमिरल इकबाल, इस महीने सेवानिवृत्त हो रहे वाइस एडमिरल औरंगजेब चौधरी का स्थान लेंगे। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया कि रियर एडमिरल इकबाल 25 जुलाई को वाइस एडमिरल की रैंक पर पदभार ग्रहण करेंगे। वक्तव्य के अनुसार, वह 24 जुलाई 2023 तक नौसेना प्रमुख के तौर पर सेवा देंगे। रियर एडमिरल इकबाल 1980 में बांग्लादेश नौसेना में शामिल हुए थे और उन्होंने देश और विदेश में कई प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। उन्होंने अमेरिकी नौसेना स्टाफ कालेज से भी स्नातक की डिग्री हासिल की है।

## अमेरिकी वाणिज्य मंत्री विल्बर रॉस कोरोना पॉजेटिव, अस्पताल में भर्ती

**वॉशिंगटन।** कोविड19 के कहर ने अमेरिका के अभिजात्य वर्ग को भी अपने लपेटे में ले लिया। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री विल्बर रॉस को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। विल्बर रॉस की उम्र 82 साल है इसीलिए एहतियात के तौर पर उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि रॉस को 'मामूली गैर कोरोना वायरस संबंधी समस्याओं' के लिए भर्ती करवाया गया है। रॉस की तबियत ठीक है और उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जाने की उम्मीद है। मंत्रालय ने उनके स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। पूर्व बैंकर रॉस को फरवरी 2017 में वाणिज्य मंत्री बनाया गया था।

# ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में कोरोना केस बढ़ने के चलते मास्क लगाना हुआ जरूरी

**मेलबर्न।** कोविड-19 के कहर से ऑस्ट्रेलिया का विक्टोरिया राज्य भी अझूता नहीं रहा है यहां कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में एक दिन की राहत के बाद अगले दिन बड़ी संख्या में संक्रमण के मामले सामने आए। संक्रमण को देखते हुए मेलबर्न और पड़ोसी मिटशेल में मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 363 नए मामले दर्ज किए। दो बुजुर्ग पुरुषों और एक महिला की मौत हो जाने से देश में संक्रमण से मरने वालों की संख्या 122 हो गई है। बुधवार तक घर से कसरत के लिए अथवा खरीदारी के लिए निकलने पर लोगों को मास्क



लगाना अनिवार्य कर दिया जाएगा। विक्टोरिया के प्रमुख डेनियल एंड्रूयू ने कहा कि राज्य सरकार ने 30 लाख मास्क का ऑर्डर दिया है जिसमें से तीन लाख मास्क की पहली खेप इस सप्ताह पहुंच जाएगी। एशिया प्रशांत क्षेत्र की यदि बात की जाए तो चीन के उत्तर पश्चिमी उरुमकी शहर में कोरोना वायरस संक्रमण के 13 नए मामले सामने आए और इसी के साथ शहर में संक्रमण के मामले बढ़ कर 30 हो गए। चीन में विदेश से आए तीन लोगों में संक्रमण पाए जाने के बाद संक्रमण के मामले बढ़ कर 83,660 हो गए। चीन में संक्रमण से 4,634 लोगों की मौत हो चुकी है। चीन की मीडिया के अनुसार उरुमकी शहर में अधिकारियों ने सबवे, बसों और टैक्सियों की संख्या घटा दी है साथ ही कुछ रिहायशी इलाकों को बंद कर दिया गया है। साथ ही लोगों के शहर छोड़ कर जाने पर पाबंदी लगाई गई है। दक्षिण कोरिया में लगातार दूसरे दिन संक्रमण के 40 से कम मामले सामने आए है। कोरिया सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने कहा कि रविवार को 34 नए मामले सामने आने से देश में संक्रमण के मामले 13,745 पर पुहंच गए हैं।

# ह्यूमन ट्रायल के दूसरे चरण में पहुंची ब्रिटेन की एक और कोरोना वैक्सीन

**लंदन।** लंदन के इंपीरियल कॉलेज की कोरोना वायरस वैक्सीन ह्यूमन ट्रायल के दूसरे चरण में पहुंच गई है। इससे जुड़े वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि पहले चरण के दौरान वैक्सीन ने अच्छा प्रभाव दिखाया है। ट्रायल के दूसरे फेज में 18 से 75 साल पर करने की योजना है। इंपीरियल कॉलेज की टीम ने संभावना जताई है कि इस वैक्सीन को 2021 के शुरुआत में प्रोडक्शन के लिए दिया जा सकता है। विश्व में जिन अन्य वैक्सीन का परीक्षण चल रहा है उनमें से अधिकतर कमजोर या वायरस का परिवर्तित रूप हैं।



की उम्र के 105 लोगों को वैक्सीन की खुराक दी जाएगी। इसके चार सप्ताह बाद सभी प्रतिभागियों को बूस्टर डोज दिया जाएगा।इंपीरियल कॉलेज की टीम क्लीनिकल ट्रायल से जुड़े सभी प्रतिभागियों की सेहत पर कड़ी नजर रख रही है। वैक्सीन को लेकर अभी तक कोई नकारात्मक असर नहीं देखा गया है। इस वैक्सीन से जुड़े डेटा को इकट्ठा करने के लिए टीम सभी प्रतिभागियों के खून की जांच भी करेगी। इस प्रोजेक्ट से जुड़े वैज्ञानिकों ने बताया कि दूसरे चरण के ह्यूमन ट्रायल के बाद नवंबर में इस वैक्सीन का तीसरा ट्रायल किया जाएगा। इस दौरान वैक्सीन का परीक्षण 6000 लोगों जबकि इंपीरियल कॉलेज की यह वैक्सीन जेनेटिक कोड के सिंथेटिक स्ट्रैंड का उपयोग करके वायरस के असर को खत्म करेगी। यह वैक्सीन मांसपेशियों में इजेक्ट होने के बाद स्पाइक प्रोटीन को बनाने में सहायता करेगा। बता दें कि दुनिया में वर्तमान समय में कोरोना वायरस वैक्सीन को लेकर 120 से ज्यादा स्थानों पर काम चल रहा हैं। जबकि, इनमें से 13 वैक्सीन क्लिनिकल ट्रायल के दौर में पहुंच चुकी हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चीन की वैक्सीन ह्यूमन ट्रायल में है। बता दें कि चीन में 5, ब्रिटेन में 2, अमेरिका में 3, रूस ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी में 1-1 वैक्सीन क्लिनिकल ट्रायल फेज में हैं।



इंडोनेशिया में आई बाढ़ के बाद राहत व बचाव दल के लोग पीड़ितों की तलाश करते हुए।

## कोरोना से ब्रिटेन के लोगों में विकसित हुई हर्ड इम्युनिटी, ऑक्सफोर्ड के अध्ययन में किया गया दावा

**लंदन।** ब्रिटेन में कोरोना का कहर तेजी से बढ़ रहा है। इस बीच ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में दावा किया गया है कि ब्रिटेन में कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप का दूसरा दौर आने की स्थिति में यहां के लोगों में हर्ड इम्युनिटी विकसित हो चुकी है। अध्ययन करने वाले लोगों के दल में भारतीय मूल की प्रोफेसर सुनेत्रा गुप्ता भी शामिल हैं। ऑक्सफोर्ड के अध्ययन में कहा गया है कि ब्रिटेन के लोगों में आम सर्दी-जुकाम जैसे मौसमी संक्रमण की वजह से पहले ही सामूहिक तौर पर हर्ड इम्युनिटी का स्तर इतना है कि वे घातक कोरोना वायरस के पनपने पर उसका सामना कर सकते हैं। अध्ययन पेपर में कहा गया है कि व्यापक मान्यता है कि किसी महामारी वाले क्षेत्र के लिए संक्रमण की रोकथाम के लिहाज से रोग प्रतिरोधक क्षमता का जरूरी स्तर 50 प्रतिशत अधिक होता है।

# ओली और प्रचंड के बीच चार घंटे चली बैठक बेनतीजा, सियासी संकट बरकरार

**काठमांडू।** चीन के इशारे पर भारत के खिलाफ टिप्पणी करके नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी.शर्मा ओली मुसीबत में फंसे चुके हैं।सियासी घमासान के कारण ओली और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल %प्रचंड% के बीच खींचतान बढ़ गई है। दोनों नेताओं के बीच तनाव समाप्त करने के लिए शनिवार को सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की सर्वोच्च संस्था की बैठक चार घंटे की लंबी चर्चा के बाद भी बेनतीजा समाप्त हो गई। पार्टी के वरिष्ठ नेता गणेश शाह के अनुसार नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) की 9 सदस्यीय केंद्रीय सचिवालय की बैठक के दौरान कोई नतीजा नहीं निकला, हालांकि पार्टी नेताओं ने रविवार की स्थायी समिति



की बैठक के दौरान पेश किए जाने वाले एजेंडा पर चर्चा की। पार्टी प्रवक्ता एन श्रेष्ठ ने बैठक के बाद कहा कि बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने आम सहमति से मुद्दों का हल किए जाने पर सहमति व्यक्त की। जबकि रविवार को होने वाली 45 सदस्यीय स्थायी समिति की बैठक से पहले दोनों नेताओं के पार्टी के शीर्ष निकाय के सम्मेलन के लिए सहमत होने पर नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी ने सचिवालय की बैठक बुलाई। रविवार को होने वाली स्थायी समिति की बैठक दोपहर बाद तीन बजे शुरू होगी। पार्टी के भीतर कलह को समाप्त करने के लिए ओली और प्रतिद्वंद्वी गुट की अगुवाई कर रहे प्रचंड को बातचीत के लिए और समय देने के वास्ते स्थायी समिति की बैठक रविवार तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। इसके पहले बैठकों में ओली ने प्रचंड नीत धड़े की मांग पर एनसीपी का अध्यक्ष पद छोड़ने या इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था।

# इंग्लैंड और वेस्टइंडीज मैच : बारिश के कारण नहीं हो पाया तीसरे दिन का खेल



**मैनचेस्टर।** भारी बारिश के कारण इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल नहीं हो पाया। दिन भर में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। एक दिन का नुकसान होने से मेजबान इंग्लैंड को करारा झटका लगा है क्योंकि वह इस सीरीज में 1-0 से पीछे है, ऐसे में उसके पास इस मैच को जीतकर सीरीज में बराबरी करने का अच्छा अवसर था। इस मैच की पहली पारी में इंग्लैंड ने नौ विकेट पर 469 रन बनाये थे जबकि वेस्टइंडीज टीम दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक एक विकेट पर 32 रन ही बना पायी थी। क्रेग ब्रैथवेट 6 और अल्जारी जोसफ 14 रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज टीम की ओर से जॉन कैंपबेल 12 रन बनाकर सैम करन की गेंद पर पेवेलियन लौटे। इस मैच में इंग्लैंड की ओर से बेन स्टोक्स ने 176 जबकि डोम सिबली ने 120 रनों की शतकीय पारी खेली थी।

## टोक्यो ओलंपिक के कार्यक्रम में बदलाव नहीं : मोरी




**टोक्यो ।** टोक्यो आयोजन समिति के अध्यक्ष योशिरो मोरी और सीईओ तोशिरो मुतो ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यों से कहा है कि अगले साल होने वाले टोक्यो ओलंपिक के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है और सभी 42 वेन्यू तय हो गए हैं। मोरी ने एक ऑनलाइन सत्र में आईओसी सदस्यों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धाओं का कार्यक्रम वही रहेगा जो इस साल रहने वाला था। वहीं खेल गांव और मुख्य मीडिया सेंटर भी पहले की तरह ही तैयार किए जा रहे हैं।उद्घाटन समारोह 23 जुलाई 2021 को होगा जबकि महिला सॉफ्टबाल और फुटबॉल की स्पर्धाएं 21 जुलाई से तय समय पर ही होंगी। पुरुष फुटबॉल 22 जुलाई और तीरंदाजी तथा नौकायन 23 जुलाई से होगा। पहली पदक प्रतिस्पर्धा 24 जुलाई को महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल में होगी। वहीं जापान में लगाए गए अनुमान के अनुसार एक साल के लिए खेल टाले जाने से दो से छह अरब तक का खर्च बढ़ जाएगा। ओलंपिक अधिकारियों ने अभी कुल लागत का कोई अनुमानित आंकड़ा नहीं बताया है। ओलंपिक खेल इसी साल होने थे पर कोरोना महामारी के कारण इन्हे अगले साल तक के लिए स्थगित करना पड़ा।

## अमेरिकी एमेच्योर चैम्पियनशिप में भाग लेगी अनिका



**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला गोल्फर अनिका वर्मा अगले महीने होने वाले 120वें अमेरिकी एमेच्योर चैम्पियनशिप में भाग लेंगी। एमेच्योर चैम्पियनशिप वुडमोंट कंट्री क्लब में छह से नौ अगस्त तक खेली जाएगी। वहीं आयोजकों ने कोविड-19 महामारी के कारण इसके क्वालीफाइंग टूर्नामेंट नहीं कराने का फैसला किया है। अनिका अभी अमेरिका में है और उन्होंने कहा, 'यूएसजीए ने महिला विश्व एमेच्योर गोल्फ रैंकिंग (डब्ल्यूजीएआर) की शीर्ष 75 खिलाड़ियों को चैम्पियनशिप में राहत दी है।% यह मुझे भी मिली है।% अनिका ने कहा, 'महामारी के दौरान एक 16 वर्षीय की छात्रा के रूप में मैं गोल्फ का अभ्यास नहीं कर पायी हूं। कोविड-19 ने निश्चित रूप से सभी अन्य लोगों के साथ ही मेरे गोल्फ सत्र को भी प्रभावित किया है।

# भारतीय महिला टीम ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करेगी : सविता



**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता ने कहा है कि 2016 रियो ओलंपिक खेलों में टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। सविता के अनुसार गत चार वर्षों में भारतीय टीम प्रतिस्पर्धी टीम में बदल गयी है। अब अगले साल होने वाले टोक्यो ओलंपिक खेलों में वह इतिहास रच सकती है। भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले रियो ओलंपिक में ग्रुप चरण से ही बाहर हो गयी थी। इसपर सविता ने कहा, '' मुझे लगता है कि उस समय हमारी टीम अनुभवहीन थी और हमने कुछ गलतियां की थीं। अब हमारे पास अधिक मजबूत टीम है और मुझे भरोसा है कि हम रियो की असफलता को पीछे छोड़ने में कामयाब होंगे। ओलंपिक खेलों का अनुभव निश्चित रूप से टोक्यो में हमारे काम आयेगा।'' इस खिलाड़ी ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमारे पास टोक्यो ओलंपिक में इतिहास बनाने का शानदार अवसर है। टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण है। हमने हाल के दिनों में शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की है और हमें अपनी क्षमताओं पर पूरा भरोसा है। अगर हम अपनी क्षमता से खेलते हैं तो निश्चित रूप से अगले साल ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतने में सफल रहेंगे।''इस खिलाड़ी ने कहा, '' हमने 2016 ओलंपिक के बाद निश्चित रूप से अपने खेल में बदलाव किया है। हमने पिछले चार वर्षों में शानदार जीत दर्ज की है जिसमें एशिया कप 2017 और एफआईएच महिला सीरीज का हिरोशिमा 2019 में हुआ फाइनल शामिल हैं।''साथ ही कहा, '' हमारे लिए घरेलू दर्शकों के सामने एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर 2019 के जरिये टोक्यो ओलंपिक का टिकट हासिल करना शानदार था।''



हैरीमैन में एनडब्ल्यूएसएल फुटबॉल मैच में गेंद पर किक लगाते हुए खिलाड़ी।

## अंपायर बकनर ने बारह साल बाद मानी अपनी गलती

सिडनी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पूर्व अंपायर स्टीव बकनर ने बारह साल बाद अब माना है कि उन्होंने साल 2008 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गयी टेस्ट सीरीज के दौरान कुछ फैसले गलत दे दिये थे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में खेले गए दूसरे मुकाबले में बकनर और मार्क बेंसन मैदानी अंपायर थे। इस मैच में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। बकनर ने कहा, 'मैंने 2008 में सिडनी टेस्ट के दौरान दो गलतियां की थी। इसमें से एक यह थी की जब भारत अच्छी गेंदबाजी कर रहा था तब मैंने एक ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज को शतक बनाने दिया।% उन्होंने कहा, 'मेरी दूसरी गलती मुकाबले के पांचवें दिन हुई थी जिससे भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। यह दोनो ही गलतियां मैंने जानबूझकर नहीं कीं थीं और न ही इसमें लापरवाही थी। अन्य अंपायर भी गलतियां करते रहे हैं। इसके बावजूद यह मुझे बैचेन करती हैं।

## वकार को याद आया 21 साल पुराना चेन्नई टेस्ट



**लाहौर।** पाकिस्तान की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान वकार यूनिस को साल 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच चेन्नई में खेला गया टेस्ट मैच याद आया है। वकार ने कहा कि इस रोमांचक मैच में भारतीय टीम को जीत के लिए 271 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसका पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 12 रनों पर ही चार विकेट खो दिये थे। तब वकार टीम के कप्तान थे और पाक टीम के पास वसीम अकरम और सकलैन मुश्ताक जैसे दिग्गज गेंदबाज थे। सकलैन ने इस मैच की दूसरी पारी में पांच विकेट लेकर भारतीय टीम को संकट में ला दिया था। वकार ने कहा, 'हमने एक नई गेंद ली और पहली ही गेंद पर विकेटकीपर बल्लेबाज नयन मोंगिया ने ऊंचा शॉट खेला। मुझे लगता है कि वह जल्दबाजी में थे या मुझे नहीं पता कि उनके दिमाग में क्या चल रहा था। मोंगिया बाहर निकले, तब भी हम यही सोच रहे थे जब तक सचिन हैं, तब तक हम यह मैच नहीं जीत रहे । मोंगिया ने दूसरी पारी में सचिन के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 136 रन बनाये थे।

## सस्ता आयात बढ़ने से तिलहन की कीमतों में गिरावट रही



**नई दिल्ली।** विदेशों से सस्ते तेलों का आयात बढ़ने की आशंका से देश के तेल-तिलहन उत्पादक किसानों में हड़कंप की स्थिति है। लॉकडाउन के बाद पाम तेल जैसे सस्ते आयातित तेलों की मांग बढ़ने से किसान अपनी उपज को औने-पौने दाम पर बाजार में निपटाते दिखे, जिससे बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में लगभग सभी देशी तिलहन कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। कारोबारी सूत्रों ने कहा कि सस्ते आयातित तेलों की देश में मांग बढ़ने के बीच सूरजमुखी, मूंगफली और सोयाबीन दाना (तिलहन फसलों) के भाव पर भारी दबाव रहा क्योंकि सस्ते आयातित तेलों के मुकाबले इन देशी तेलों के भाव प्रतिस्पर्धी नहीं रह गए हैं।

## भारत के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए अगले 10 साल स्वर्णिम रहेंगे: रंगास्वामी

**वाशिंगटन।** सिलिकॉन वैली के एक प्रमुख कारोबारी (वेंचर कैपिटलिस्ट) का मानना है कि भारत के प्रौद्योगिकी, फार्मास्युटिकल, ई-कॉमर्स और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों के लिए अगले 10 साल स्वर्णिम रहेंगे। सिलिकॉन वैली के शीर्ष उद्यम पूंजीपति, उद्यमी और परमार्थ कार्यों में योगदान देने वाले एमआर रंगास्वामी ने कहा ?कि कोरोना वायरस अमेरिका और भारत सहित पूरी दुनिया में पैर पसार चुका है। इसके बावजूद भारत को जो निवेश मिला है वह काफी उत्साहवर्धक है। पिछले कुछ माह के दौरान कोरोना वायरस महामारी के बीच भारत को 20 अरब डॉलर का एफडीआई मिला है। दुनियाभर की कंपनियां इस महामारी से प्रभावित हुई हैं।

# अमूल ब्रांड के उत्पादों कुल कारोबार 52,000 करोड़ के पार

**अहमदाबाद।** अमूल ब्रांड के उत्पादों का कारोबार ?पिछले वित्त वर्ष 2019-20 में 52,000 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने यह जानकारी दी। जीसीएमएमएफ ही अमूल ब्रांड के उत्पादों का उत्पादन और बिक्री करता है। जीसीएमएमएफ ने कहा कि समूह का लक्ष्य 2024-25 तक एक लाख करोड़ रुप, का कारोबार हासिल करने का है। जीसीएमएमएफ की 42वीं सालाना आम बैठक आणंद में हुई। बैठक के जारी बयान में कहा गया है कि जीसीएमएमएफ समूह और उससे जुड़ी यूनियन सदस्यों का अमूल ब्रांड के तहत एकीकृत कारोबार 52 रुपये से अधिक या करीब सात अरब डॉलर रहा है। बयान में कहा गया है कि हमारा 2024-25 तक एक लाख करोड़ रुपए का कारोबार हासिल करने का लक्ष्य है। जीसीएमएमएफ ने कहा कि उसने 2019-20 में 38,542 करोड़ रुपए का बिक्री कारोबार दर्ज किया जो इससे पिछले वित्त वर्ष से 17 प्रतिशत अधिक है। तेजी से विस्तार से अमूल का कारोबार 2009-10 की तुलना में पांच गुना हो गया है। यह 2009-10 में 8,005 करोड़ रुपए था। जीसीएमएमएफ ने अपने चेयरमैन रामसिंह परमार के हवाले से कहा कि 2019-20 में दूध की रोजाना खरीद 215.96 लाख लीटर रही। इस तेज वृद्धि की वजह हमारे सदस्य किसानों को दिया जाने वाला खरीद मूल्य है, जिसमें 2009-10 की तुलना में 127 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। 2009-10 में यह प्रति किलोग्राम वसा (फैट) 337 रुपए था, जो 2019-20 में 765 रुपए प्रति किलोग्राम वसा पर पहुंच गया। लॉकडाउन के दौरान जब निजी दूध कंपनियों ने किसानों से खरीद बंद कर दी थी उस समय गुजरात की दुग्ध यूनियनों ने प्रतिदिन 35 लाख लीटर अतिरिक्त दूध की खरीद की थी और ग्रामीण क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों को करीब 800 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया था।

# किसानों की रूचि एवं संभावनाओं को ध्यान में रखकर बनाएं जिलेवार उद्यानिकी की कार्ययोजना : कुशवाह

## ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर की विभागीय योजनाओं की समीक्षा , उद्यानिकी को किसानों की आय का प्रमुख जरिया बनाने पर दिया जोर



**ग्वालियर।** किसानों की रूचि एवं संभावनाओं को ध्यान में रखकर हर जिले के लिये उद्यानिकी की कार्ययोजना बनाएं। कार्ययोजना ऐसी हो जो किसानों की आय का प्रमुख जरिया बने। इस आशय के निर्देश उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने दिए। श्री कुशवाह ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अधिकारियों की बैठक में उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। रविवार को यहाँ व्हीआईपी सर्किट हाउस में आयोजित हुई बैठक में राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी के क्षेत्र में ग्वालियर एवं चंबल संभाग के सभी जिलों में अपार संभावनायें हैं। इसलिये किसानों की राय लेकर ठोस कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि विकासखंडवार सब्जियाँ, फल, फूल, औषधीय व मसाला फसलों की संभावनाओं का आंकलन कर जिले की कार्ययोजना को अंतिम रूप दें। कार्ययोजना ठीक होने पर सरकार द्वारा धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा भी उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है। इसलिये सभी अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ किसानों को उद्यानिकी फसलों के लिये प्रेरित करें। वर्तमान दौर में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण के लिये अनुकूल परिस्थितियां हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकार द्वारा संचालित आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत उद्यानिकी विभाग की योजनाओं को जोड़कर किसानों को लाभान्वित कराया जाए। जिससे किसान आत्मनिर्भर बन सकें। श्री कुशवाह ने कहा उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देकर हम कृषि कर्मण पुरस्कार की तरह राष्ट्रीय स्तर के सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री ने ग्वालियर एवं चंबल संभाग के सभी जिलों में फल, सब्जी, मसाला, पुष्प एवं औषधीय वनस्पतियों के उत्पादन की समीक्षा की। साथ ही नर्सरियों की वास्तविक स्थिति भी जानी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि उद्यानिकी को बढ़ावा देने में संसाधनों की कमी नहीं आने दी जायेगी। राज्य मंत्री ने कहा कि किसानों को मजबूरन कम दाम पर अपनी सब्जियां न बेचनी पड़ें, इसके लिये सरकार मंडी में कोल्ड रूम बनाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। श्री कुशवाह ने यह भी कहा कि उद्यानिकी फसलों के लिये फसल बीमा योजना के तहत ली जाने वाली प्रीमियम राशि को कम करने एवं बीमा क्लेम बढ़ाने के लिये भोपाल स्तर पर बीमा कंपनी एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की जायेगी। बैठक में संभागीय संयुक्त संचालक उद्यानिकी श्री रतन सिंह कटारा सहित ग्वालियर एवं चंबल संभाग के सभी जिलों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने विभागीय रोपणियों (नर्सरियों) को पुनर्जीवित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि हर जिले में जिला मुख्यालय की नर्सरी को मॉडल बतौर विकसित करें। इसमें उन सभी प्रजातियों के पौधे उपलब्ध हों जिनकी जिले में माँग है।

# ऊर्जा मंत्री तोमर ने वार्ड 4 व 5 में एक करोड़ पांच लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड़ का किया भूमि पूजन

## कहा उपनगर ग्वालियर क्षेत्र के विकास का पहिया रूकेगा नहीं




**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शहर के वार्ड – 4 व 5 में एक करोड़ पाँच लाख की लागत से बनने जा रही सीसी रोड का आज भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास का पहिया अब रूकेगा नहीं। रूके हुए सभी कार्य सुचारू रूप से चालू हो गए हैं। प्रदेश सरकार ने अपने खजाने ग्वालियर के विकास के लिए खोल दिए हैं। ग्वालियर की वर्षों पुरानी गंदे पानी और सीवर की समस्या के निदान के लिए शहर में नई लाइने डाली जा रही हैं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड – 4 के अंतर्गत आनंद नगर मुख्य मार्ग से नेहरू नगर होते हुए श्मशान तक 25.5 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सरकार ने ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में सीसी रोड़ बनाने के लिए 25 करोड़ स्वीकृत कर दिये हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जहां रोड़ नही बनी है उसे हमारे ध्यान में लाएं। ऐसी सभी सड़कें प्राथमिकता के आधार पर बनाई जायेंगीं। इसी कड़ी में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड – 5 में शील नगर की विभिन्न गलियों में 80 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड़ का भूमि पूजन करते हुए कहा कि हमारा उदेश्य समाज सेवा करना है, जो मैं हमेशा करता रहूँगा। श्री तोमर ने कहा कि बिजली के बिलों के लिए लॉकडाउन खत्म होते ही इस क्षेत्र के सभी 21 वार्डों में शिविर आयोजित किये जायेगें, जिससे उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान एक ही जगह पर हो सके। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सिद्ध बाबा की पहाडिया, विनय नगर, शिवनगर, सती विहार, मंगलेश्वर रोड, आनंद नगर, शील नगर, बदना पुरा, उल्लास नगर एवं बारा बीघा में सीसी रोड बनने जा रही हैं कुछ के टेंडर हो गए है कुछ के होना बांकी हैं। शीघ्र ही सभी जगह कार्य चालू हो जायेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में श्री जगत सिंह कौरव व श्री सुशील कटोर, श्री बृजराज सिंह तोमर, श्री राजेश चौहान, श्री अजमेर राजावत, श्री राजू यादव, श्री अरविंद तोमर, श्री जितेन्द्र परिहार, श्री पप्पू कुशवाह व श्री राजकुमार परमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व क्षेत्रीय नागरिकगण एवं बिजली विभाग के डीई श्री हजेला उपस्थित थे।



# पुलिस थाना हजीरा जिला ग्वालियर 2चोर गिरफ्तार कर 2 मोबाइल फोन जब्त किये

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नवनीत भसीन ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य) श्री पंकज पांडेय व नगर पुलिस अधीक्षक महाराज पुरा ग्वालियर श्री रवि भदौरिया के निर्देशन में पुलिस थाना हजीरा ग्वालियर थाना प्रभारी आलोक सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस थाना हजीरा की टीम ने आरोपी 1अजय राठौर पुत्र सुरेश सिंह राठौर उम्र 20 वर्ष निवासी मां वैष्णो पुरम कॉलोनी हजीरा व 2 सौरभ उर्फ रामू दुबे पुत्र राम प्रकाश दुबे उम्र 24 वर्ष निवासी दुर्गा कॉलोनी हजीरा को आज सुबह गिरफ्तार कर 2मोबाइल फोन सैमसंग सैमसंग रू 31 सैमसंग ,-7 कीमती ?40000 जब्त किये। दिनांक 16-7-20 को फरियादी जितेंद्र सिंह लोधी निवासी दुर्गापुरी कॉलोनी गदाईपुरा ने रिपोर्ट की थी कि रात को मकान से तीन मोबाइल फोन अज्ञात चुरा कर ले गए । अपराध क्रमांक 29020 धारा 379 आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था ।अजय राठौर पूर्व में मोबाइल फोन लूट के प्रकरण में जेल जा चुका है ।पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी थी कि अजय राठौर ,सौरभ शर्मा, व मंजीत जाटव मोबाइल फोन बेचने की फिराक में हैं । प्रकरण में एक आरोपी मनजीत जाटव पुत्र फूल सिंह जाटव निवासी संजय नगर जिसके पास चोरी का एक मोबाइल फोन सैमसंग छ्-7 कीमती 10000 रुपये है जो अभी फरार है जिसकी तलाश जारी है। पुलिस थाना हजीरा की टीम -स्ढ्ढ गौरव नागावत, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ,आरक्षक राहुल राजावत की मुख्य भूमिका रही ।

### कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा है

# जन जागरूकता अभियान अपर आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जागरूकता वाहन



**ग्वालियर।** कोरोना वायरस से बचने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस के कर्मचारियों द्वारा शहर भर के गली–मोहल्लों में घूम कर लोगों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए विशेष सावधानियां रखने की सलाह दी जा रही है, जिससे नागरिक स्वयं जागरूक हों तथा दूसरों को भी कोविड–19 के संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक करें । इसके लिए नगर निगम द्वारा 10 ऑटो रिक्शा माइक के साथ शहर भर में घुमाए जा रहे हैं, जिन्हें रविवार को अपर आयुक्त श्री नरोत्तम भार्गव ने फूलबाग से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर निगम ग्वालियर द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से प्रचार–प्रसार के माध्यम से लोगों को जानकारियां दी जा रही है कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

# मुख्यमंत्री चौहान आज ग्वालियर आयेंगे



**ग्वालियर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 20 जुलाई को ग्वालियर आयेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान इस दिन प्रातःकाल लगभग 9.50 बजे विशेष विमान से राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान विमानतल से मुरार बारादरी के समीप गली नं.–3 आर्यनगर स्थित केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के स्थानीय आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुँचेंगे। ज्ञात हो केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर के छोटे भाई श्री अजय प्रताप सिंह तोमर (मुन्नू) का गत दिवस निधन हो गया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रात: 11 बजे विशेष विमान द्वारा ग्वालियर से वापस भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।




**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

**प्रतिभा हम निखारेंगे**

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478